उज्जैन
सोमवार
20
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-257
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651



दैनिक ब्रह्मास्त्र



3 पोस्टल असिस्टेंट की हत्या के आरोपी पति की लाश मिली

7 स्पेन ने 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप जीता







### रातभर चला कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन, वांगचुक की पत्नी भी पहुंचीं, लोग सड़कों पर सोए

# जंतर-मंतर पर भीड़ बेकाबू, बैरिकेडिंग तोड़ी

## पुलिस का लाठीचार्ज, संसद मार्च में देरी, दीपके बोले- हमें कोई नहीं रोक सकता

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों की भीड़ बेकाबू हो गई है। लोगों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

सीजेपी का मार्च सुबह 9 बजे शुरू होना था। लेकिन बैरिकेडिंग की वजह से प्रदर्शनकारी आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। पुलिस ने मार्च की परमिशन नहीं दी है। करीब 10 हजार प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर पर जुटे हैं।

सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि हमारी ओर से कोई भी गलत काम नहीं करेगा। संसद मार्च पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा, ताकि आंदोलन को बदनाम न किया जा सके।


उधर, 23 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक ने अनशन खत्म करने की तीन शर्तें रखी हैं। पहली- सरकार शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक की जिम्मेदारी ले। दूसरी- सीजेपी प्रतिनिधिमंडल को संसद जाने दिया जाए और सांसद मुद्दा उठाने का भरोसा दें। तीसरी- स्वास्थ्य कारणों से ऐसा संभव न हो तो सांसद सफदरजंग अस्पताल आकर यही आश्वासन दें।

**सरकार बातचीत शुरू करने की कोशिश कर रही है-** कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि सरकार हमसे बातचीत शुरू करने की कोशिश कर रहा है। प्रशासन काफी देर से आया है, लेकिन हमने कहा है कि हम उनसे बात करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिलहाल उनकी तरफ से कोई साफ जवाब नहीं आया है और अब फैसला उनके हाथ में है।

**जंतर-मंतर पर बैरिकेडिंग, सीजेपी के मार्च में देरी-** दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर भारी बैरिकेडिंग कर दी है। बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस और आरएएफ के जवान तैनात हैं। सीजेपी का मार्च सुबह 9 बजे शुरू होना था। लेकिन बैरिकेडिंग की वजह से प्रदर्शनकारी आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं।







पत्नी ने कहाझ विपक्षी नेता संसद में मुद्दा उठाने का वादा करें तो सोनम अनशन खत्म कर देंगे

### रातभर चला कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन बैरिकेडिंग तोड़ी

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) सुबह 9 बजे जंतर-मंतर से संसद तक 'चलो संसद' मार्च निकालेगी। दिल्ली पुलिस का कहना है कि मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई है। जंतर-मंतर पर 10 हजार प्रदर्शनकारी जुटे हैं। प्रदर्शन रातभर चला। लोग देर रात तक प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जंतर-मंतर पहुंचते रहे। सोमवार सुबह करीब 5.30 बजे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। जंतर-मंतर पहुंच रहे लोगों की सोमवार सुबह दिल्ली पुलिस के साथ चेकिंग के दौरान बहस हुई। संसद तक मार्च शुरू होने से पहले दिल्ली में बारिश हुई। लोग अपने सिर को कपड़े से ढककर जंतर-मंतर पहुंचे। प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर के पास जमीन पर बैठ गए हैं। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी है।

### बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस और आरएएफ के जवान तैनात






### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- वांगचुक को इलाज के लिए उठाना गलत नहीं

सोनम की पत्नी गीतांजलि ने रविवार को जंतर-मंतर पर कहाझ अगर राजनीतिक दलों के नेता अस्पताल पहुंचकर वांगचुक से मिलें और भरोसा दें कि वे संसद में यह मुद्दा उठाएंगे, तो वह अपना अनशन समाप्त कर देंगे। सोनम वांगचुक की मांग शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने की है और वे चाहते हैं कि इस मुद्दे पर संसद में गंभीर चर्चा हो। यदि नेताओं की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिलता है, तो वांगचुक अनशन खत्म कर देंगे। इससे पहले दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- स्वास्थ्य बिगड़ने और डिवीजन बेंच के आदेश के कारण उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

### 29 जुलाई को प्रीति और हर्षण योग के महासंयोग में मनेगी गुरु पूर्णिमा

# वेदव्यास जयंती पर सुबह से होंगे गुरु पाद पूजन

**ब्रह्मास्त्र** ›› उज्जैन

गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान और आध्यात्मिक साधना का महापर्व गुरु पूर्णिमा इस वर्ष 29 जुलाई को अत्यंत शुभ संयोग में मनाई जाएगी। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर शहर के विभिन्न मठों, आश्रमों, मंदिरों और आध्यात्मिक संस्थानों में सुबह से ही गुरु पाद पूजन, गुरु वंदना, विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। श्रद्धालु अपने गुरुजनों का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष गुरु पूर्णिमा पर प्रीति योग और



हर्षण योग का विशेष संयोग बन रहा है। प्रीति योग को प्रेम, सौहार्द और संबंधों में मधुरता प्रदान करने वाला तथा हर्षण योग को सफलता, प्रसन्नता और सकारात्मक ऊर्जा देने वाला माना जाता है। ऐसे में गुरु पूर्णिमा का पर्व साधना, दान-पुण्य और गुरु पूजन के लिए विशेष फलदायी माना जा रहा है। गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि वेदव्यास जी की जयंती भी मनाई जाती है। महर्षि वेदव्यास को भारतीय ज्ञान परंपरा का महान ऋषि माना जाता है। उन्होंने वेदों का विभाजन किया तथा महाभारत जैसे महान ग्रंथ की रचना की। इसी कारण गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

उज्जैन में सुबह से ही विभिन्न आश्रमों और धार्मिक स्थलों पर गुरु पाद पूजन के आयोजन होंगे। शिष्य अपने गुरु के चरणों का पूजन कर श्रद्धा अर्पित करेंगे और जीवन में ज्ञान, संस्कार तथा सद्मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे। कई स्थानों पर गुरु मंत्र जाप, सत्संग, भंडारे और धार्मिक प्रवचन भी आयोजित किए जाएंगे।

- पूर्णिमा तिथि 28 जुलाई की शाम से प्रारंभ होकर 29 जुलाई की रात तक रहेगी। 29 जुलाई को राहुकाल दोपहर 12.27 से 2.08 बजे तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में नए शुभ कार्यों से बचने की सलाह दी जाती है। गुरु पूर्णिमा पर स्नान, दान, गुरु पूजन और सेवा को विशेष पुण्यदायी माना गया है।
- गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि उस ज्ञान परंपरा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जो अज्ञान से ज्ञान, भ्रम से सत्य और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है।

# संसद का मानसून सत्र आज से

### पेपर लीक, राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर हंगामे के आसार राज्यसभा में अमित शाह वंदेमातरम से जुड़ा बिल पेश करेंगे

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसकी शुरूआत हंगामेदार रहने के आसार हैं। विपक्ष सोनम वांगचुक के अनशन, नीट-यूजी पेपर लीक, स्पेशल इंटेंसिव रिविजन, महंगाई और राम मंदिर चढ़ावा चोरी समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है।

वहीं, सरकार इस सत्र में 7 विधेयक पेश करेगी। लोकसभा में सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने से जुड़ा 'सुप्रीम कोर्ट (संशोधन) विधेयक' पेश किया जाएगा। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संविधान और राष्ट्रगान के अपमान से संबंधित संशोधन विधेयक पेश करेंगे। इस बार मानसून सत्र में टीएमसी के बागी सांसदों की नई पार्टी 'नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' भी पहली बार संसद में नजर आएगी। टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नए सांसद राज्यसभा में शपथ लेंगे। सत्र शुरू होने से पहले पीएम मोदी संसद भवन के हंस द्वार पर मीडिया को संबोधित करेंगे। 18वीं लोकसभा का नौवां संसदीय सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा।

## वर्धा में ट्रक-कार की टक्कर में 5 लोगों की मौत, 1 घायल



**ब्रह्मास्त्र** ›› वर्धा

महाराष्ट्र के वर्धा में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ट्रक चालक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ट्रक का क्लीनर गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहत एवं बचाव अभियान चलाकर यातायात सामान्य कराया। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

### पिकनिक मनाकर लौट रहे थे, नरसिंहपुर में सड़क किनारे सेल्फी लेते वक्त कुचला

# हाईवा ने मारी टक्कर, 6 दोस्तों की मौत

**ब्रह्मास्त्र** ›› नरसिंहपुर

नरसिंहपुर जिले में रविवार शाम जबलपुर-भोपाल नेशनल हाईवे-45 पर तेज रफ्तार हाईवा ने 6 दोस्तों को कुचल दिया। इनमें से 4 की मौके पर ही मौत हो गई थी, 2 ने इलाज के दौरान सोमवार सुबह दम तोड़ दिया। ये सभी नरसिंहपुर-जबलपुर सीमा पर हाथीनाला वॉटरफॉल घूमने आए थे। लौटते समय इंदिरा नगर के पास हादसे का शिकार हो गए।

मृतकों के नाम राजेंद्र पटेल, वीरेंद्र लोधी (20), रामपाल सिंह लोधी (21), जयपाल सिंह लोधी (30), आकाश सिंह लोधी (24) और नीरज सिंह लोधी (25) बताए गए हैं। सभी जबलपुर के पावला निवासी थे। पुलिस के मुताबिक, सभी दोस्त हाथीनाला वॉटरफॉल में पिकनिक मनाकर लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे इंदिरा नगर के पास हाईवे किनारे रुककर सेल्फी लेने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दी।



### सड़क से करीब दो फीट की दूरी पर खड़े थे युवक

चश्मदीद अरविंद पटेल ने बताया कि तेज रफ्तार वाहन कुछ ही सेकंड में सड़क किनारे खड़े युवकों को टक्कर मारकर निकल गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई, तब पता चला। स्थानीय दुकानदार दीपक पटेल बोले कि हादसे के 10-15 मिनट बाद वे मौके पर पहुंचे। युवक सड़क से करीब दो फीट की दूरी पर खड़े थे। फोटो खिंचवाते वक्त हाईवा ने रौंद दिया।

### टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार

एएसपी संदीप भूरिया ने कहा- हाईवा ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। सुआतला थाना पुलिस घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही आरोपी का पता लगा लिया जाएगा।

### राममंदिर चढ़ावा चोरी- सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने रविवार को अपनी जांच की स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल की गई है। सोमवार (आज) को मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच करेगी। दरअसल, चढ़ावा चोरी से जुड़ी चार अलग-अलग याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई हैं। इनमें जांच सीबीआई को सौंपने के अलावा मंदिर में दान के प्रबंधन से जुड़े अलग-अलग विषयों की समीक्षा के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाने की मांग की गई है।

### बद्रीनाथ धाम दान चोरी मामले में जांच तेज, तीन साल का दान रिकॉर्ड मांगा

**देहरादून।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम में दान राशि की कथित चोरी के मामले की जांच लगातार तेज होती जा रही है. मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अब बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) से पिछले तीन वर्षों का दान रिकॉर्ड मांगा है। जांच एजेंसी का मानना है कि मामले की तह तक पहुंचने के लिए पुराने रिकॉर्ड की जांच आवश्यक है और चोरी की घटनाओं में अन्य लोगों की भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। बद्रीनाथ थाना प्रभारी महादेव उनियाल ने बताया कि जांच के दौरान बीकेटीसी को पिछले तीन वर्षों के दान से संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### भागलपुर में मिला कोरोना संक्रमित मरीज, टेस्ट कराने पर निकला कोविड

**भागलपुर।** भागलपुर में कोविड-19 से संक्रमित एक मरीज मिला है। पिछले 10 दिनों से बुखार से पीड़ित 65 साल के बुजुर्ग की आरटी-पीसीआर जांच में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। संक्रमित मरीज मूल रूप से बांका जिले का रहने वाला है। अभी भागलपुर के लालूचक इलाके में रहता है। परिजनों के अनुसार, बुजुर्ग पिछले 10 दिनों से सर्दी, खांसी और तेज बुखार से पीड़ित थे। उनका तापमान 104 डिग्री तक बना हुआ था और दवा लेने के बावजूद बुखार नहीं उतर रहा था। इसके बाद उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां आरटी-पीसीआर जांच कराने पर उनकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। इसके बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जवाहरलाल नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया।

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर गूंजी किलकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर खुशियों ने दस्तक दी है। उनकी पत्नी और अमेरिका की सेकेंड लेडी उषा वेंस ने एक प्यारे से बेटे को जन्म दिया है। नवजात का नाम एलेक नील वेंस रखा गया है। यह पल अमेरिकी इतिहास के लिए बेहद खास बन गया है। दरअसल, पिछले 156 वर्षों में यह पहली बार है जब किसी पद पर रहते हुए उपराष्ट्रपति के घर बच्चे का जन्म हुआ है। वेंस दंपती ने खुद सोशल मीडिया पर एक संयुक्त बयान जारी कर यह खुशखबरी दुनिया के साथ साझा की। पूरा परिवार खुशियों से सराबोर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बताया कि मां और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। नए मेहमान के आने से उनके बाकी तीनों बच्चे बेहद उत्साहित हैं।

### गुयाना में 116 लोगों को ले जा रही फेरी समुद्र में पलटी, 53 बचाए गए

**गुयाना।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना में 116 यात्रियों और चालक दल को लेकर जा रही एमवी बरिमा फेरी समुद्र में पलट गई। अधिकारियों के अनुसार अब तक 53 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि बाकी यात्रियों की तलाश के लिए खोज एवं बचाव अभियान जारी है। फेरी राजधानी जॉर्जटाउन से उत्तरी अटलांटिक तट के रास्ते पोर्ट कैटुमा जा रही थी। हादसा पोमेरून नदी के पास हुआ। स्थानीय समयानुसार रात 11:01 बजे संकट संदेश मिलने के बाद सरकारी एजेंसियों और निजी नौकाओं की मदद से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अधिकारियों ने अभी तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं की है।

## खबर एक नजर...

### अच्छी बारिश व सुख-समृद्धि की कामना से हुआ नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप

**उज्जैन।** अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और जन कल्याण की मंगल कामना को लेकर अरिहंत सोशल ग्रुप द्वारा नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। सदस्यों ने प्रकृति के संतुलन, समय पर बारिश, किसानों की समृद्धि और समाज में शांति के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रुप सदस्यों ने सहभागिता करते हुए नवकार महामंत्र का सामूहिक उच्चारण किया। इस अवसर पर ग्रुप के अध्यक्ष गुणवंत शाह ने कहा कि नवकार महामंत्र जैन धर्म का सर्वश्रेष्ठ और सार्वभौमिक मंत्र है। इसके जाप से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा प्राणियों के कल्याण की भावना जागृत होती है। ऐसी धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों से समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम का समापन मंगल भावना और विश्व शांति की प्रार्थना के साथ हुआ।

### 105 वर्षीय भेरूलाल ने पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**उज्जैन।** जिले के ग्राम बाड़कुमेद स्थित खाटू श्याम मंदिर दूरदर्शी में रविवार को मीणा समाज द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 105 वर्षीय भेरूलाल जमादार ने पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का अमूल्य संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक जनों ने 'एक पौधा एक जीवन और हरियाली ही हमारी सच्ची विरासत' के विचार के साथ अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। आयोजन में मुख्य अतिथि भेरूलाल जमादार के साथ समाज के अध्यक्ष संतोष मीणा, कमल पटेल, मानसिंह मीणा, हेमराज मीणा, मोहनलाल मीणा और जगदीश मीणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पौधारोपण कार्यक्रम में उज्जैन जिला मीणा समाज की टीम से जिलाध्यक्ष योगेश मीणा, युवा अध्यक्ष आशुतोष मीणा, राजेश मीणा, बालमुकुंद मीणा, सतीश चांदा, सतीश खोड़ा, संजय मीणा चक, पंकज चांदा और महेश मीणा शामिल हुए। इसके साथ ही ग्राम बाड़कुमेद के युवा मीणा समाज से आत्माराम मीणा, पिंटू मीणा, कैलाश मीणा, शक्ति मीणा, धर्मेंद्र मीणा, आकाश मीणा, अमन मीणा, अनिल मीणा, राज मीणा, पीयूष मीणा, सुजल मीना, सचिन मीणा सहित कमल पटेल, हाकम पटेल, सतनारायण पाटीदार और गब्बर पटेल ने भी उत्साहपूर्वक पौधे रोपकर अपनी भागीदारी निभाई।

### सीबीएसई बैडमिंटन क्लस्टर में उज्जैन का दबदबा, वानधी और अद्विका नेशनल के लिए चयनित

**उज्जैन।** इंदौर के मेडिकैप्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई बैडमिंटन क्लस्टर में उज्जैन की वानधी चौधरी और अद्विका सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई नेशनल के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रदेश भर से आई 60 से अधिक टीमों के बीच उज्जैन का स्टैनफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल ओवरऑल विजेता बना।

कोच योगेश बन्देवार ने बताया कि सिंगल्स खिताबी मुकाबले में स्टैनफोर्ड स्कूल की वानधी चौधरी ने इंदौर के शिशुकुंज स्कूल की मिशिका गुप्ता को 2-1 से पराजित किया। वहीं, डबल्स में अद्विका सिंह और वानधी चौधरी की जोड़ी ने शिशुकुंज की मिशिका गुप्ता और दिशिता बांठिया की जोड़ी को 2-1 से हराकर फाइनल जीता। इन दोनों खिलाड़ियों ने महानंदा नगर स्थित विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब में कोच शैलेंद्र मिश्रा और योगेश बंदेवार के मार्गदर्शन में बैडमिंटन की बारीकियां सीखी हैं। वर्तमान में वानधी साई में अपना आगे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, स्टैनफोर्ड स्कूल के डायरेक्टर डॉ. कात्यायन मिश्रा, प्राचार्या साधना वालिया, उप प्राचार्य विकास जोशी, सेक्रेटरी प्रभात शिरसट, विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटबा और सेक्रेटरी जितेंद्र मुकाती सहित सभी खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### प्रांतीय खेल महोत्सव में संस्कृति भवन विद्यालय के खिलाड़ियों ने जीते चार स्वर्ण पदक

**उज्जैन।** सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा द्वारा आयोजित विभाग एवं प्रांतीय स्तरीय खेल महोत्सव का रविवार 19 जुलाई को समापन हुआ। 17 से 19 जुलाई तक चले इस तीन दिवसीय आयोजन में सात विभागों के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में हिस्सा लिया। स्पर्धा में ऋषि नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय संस्कृति भवन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता है। प्रतियोगिता में विद्यालय के अरविंद शेखावत, हिमांशु बंदरेले, अक्षत और प्रदीप की टीम ने तरुण वर्ग की 4400 तथा 4100 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग की लंबी कूद और 110 मीटर बाधा दौड़ में चैतन्य पालीवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा किशोर वर्ग की 100 मीटर दौड़ में चैतन्य पालीवाल ने द्वितीय, तरुण वर्ग की लंबी कूद में अरविंद शेखावत ने तृतीय तथा 800 मीटर दौड़ में हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# नमामि गंगे परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, निगम आयुक्त ने एसटीपी-ईटीपी निर्माण का किया निरीक्षण

### क्षिप्रा में प्रदूषित जल रोकने की योजना की समीक्षा, गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सिंहस्थ महापर्व से पहले क्षिप्रा नदी को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित नमामि गंगे परियोजना के तहत निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और सीवेज पंपिंग स्टेशन का निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित एजेंसियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। परियोजना के तहत आयुर्वेदिक धनवंतरी कॉलेज के पीछे लगभग 82 करोड़ रुपये की लागत से 22 एमएलडी क्षमता का एसटीपी बनाया जा रहा है। इसके साथ सीवेज पंपिंग स्टेशन तथा लगभग 920 मीटर लंबी 600 एमएम डीआई पाइपलाइन और 2 किलोमीटर सीवेज ट्रीटमेंट पाइपलाइन बिछाई जा रही है। आयुक्त ने ड्राइंग-डिजाइन की समीक्षा कर खुदाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मंगलनाथ मंदिर के सामने 22 एमएलडी क्षमता का आईएनडी पंपिंग स्टेशन तथा भैरवगढ़ नाले पर 2.38 एमएलडी क्षमता का ईटीपी स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य पीलिया खाल और भैरवगढ़ नाले के दूषित पानी का उपचार कर उसे स्वच्छ रूप में क्षिप्रा नदी में प्रवाहित करना है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय, कार्यपालन यंत्री साहिल मैदावाला एवं संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### श्री महावीर भवन नमक मंडी में एक युद्ध-पाप के विरुद्ध वर्षावास हेतु संत-सति मंडल का मंगल प्रवेश हुआ

# जीवन में लक्ष्य शुद्ध रखकर प्रयास करें तो सफलता अवश्य मिलेगी: पंडित रत्न पारसमुनिजी म.सा.

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

परम पूज्य आचार्य भगवन 1008 श्री विजयराजजी म.सा. के आज्ञानुवर्ती पंडित रत्न, प्रखर व्याख्याता, साधु श्रेष्ठ श्री पारस मुनिजी म.सा., तरूण तपस्वी, विद्वान श्री अभिनंदन मुनिजी म.सा., आदर्श सेवा रत्न, तरूण तपस्वी श्री विनोद मुनि जी म.सा., विद्वान श्री धैर्य मुनिजी म.सा., तरूण तपस्वी श्री विश्वास मुनिजी म.सा., सेवानिष्ठ श्री विदित मुनिजी म.सा., नवदीक्षित मुनि श्री जयसुमित्रप्रभजी म.सा. ठाणा - 7 एवं एकांतर तपस्विनी, परम विदुषी महासती श्री पदम श्रीजी म.सा. तरूण तपस्विनी, विदुषी महासती श्री ख्यातिश्रीजी म.सा., तरूण तपस्विनी, विद्यावाग्मी महासती श्री गुप्ति श्रीजी म.सा. ठाणा - 3 का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश रविवार की सुबह क्षीरसागर स्थित श्री रामचंद्रजी श्रीमाल के निवास से श्री महावीर भवन नमक मंडी पर हुआ। इस वर्ष के वर्षावास का नाम ह्यएक युद्ध-पाप के विरुद्धह्ण दिया गया है।

प्रवचन में पंडित रत्न, साधु श्रेष्ठ श्री पारस मुनिजी महाराज साहब ने कहा कि जीवन में लक्ष्य शुद्ध हो और उसके अनुरूप प्रयास करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। शुद्ध परमात्मा अनंत गुणों के धारक हैं और हमें भी उन अनंत गुणों को अपने भीतर जगाना है। उज्जैन में श्रावक-श्राविकाओं को चातुर्मास का लाभ मिला है और इस समय संत सतियों का सान्निध्य पाकर जीवन में साधना को बढ़ाना है। हमें तन में रहने वाली आत्मा को सिद्ध बनाना है, क्योंकि आत्मा कभी वृद्ध नहीं होती। तप की आराधना उत्साहपूर्वक ग्रहण करें और इससे आप जीवन में स्वयं सुखद बदलाव महसूस करेंगे।

पूज्यश्री अभिनंदनमुनिजी महाराज साहब ने कहा कि जो व्यक्ति समय का सदुपयोग करता है, वही सफल होता है। हमें ज्ञान की आराधना करनी है और पाप कर्म का क्षय करना है।

पूज्यश्री विनोदमुनिजी महाराज साहब ने कहा कि चातुर्मास हमें आत्म चिंतन के लिए मिला है। ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और संयम में हमें कैसे आगे बढ?ना है, इस पर ध्यान देना है। हमें जीवन में चंद्र की तरह उदार बनना है, सूर्य की तरह सफलता नहीं मिलने तक चलते रहना है, हमें समुद्र जैसा गंभीर बनना है।

महासती ख्यातिश्रीजी महाराज साहब ने कहा कि हम सोचते हैं कि काम खत्म हो तो मैं धर्म करूं लेकिन जिंदगी में अपने कार्यों के बीच में ही समय निकालकर धर्म की नैया में सवार होना है। धर्म स्थान में आना टाईम वेस्ट नहीं, बल्कि टाईम का इन्वेस्ट है और हमें धर्म स्थान आकर जप-तप, प्रवचन का लाभ लेना है।

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने संत सतियों की वंदना कर कहा कि गुरु हमेशा श्रेष्ठ होते हैं और पूजनीय हैं और जीवन में आगे बढ? का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने यह भावना भी व्यक्त की कि पूज्य संत सतियों की प्रेरणा से समाज में तपस्या का माहौल रहेगा। उन्होंने संत मंडल से 2028 के सिंहस्थ में पधारने के लिए भी विनंती प्रकट की।

मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ओम जैन ने कहा कि आज के प्रवचन का सार यही है कि हम खुद का कल्याण कैसे करें, इस पर विचार करें और उसमें कंजूसी न करते हुए गुरु भगवंतों की कृपा से अधिक से अधिक तप-जप करें।

महावीर भवन में प्रवचन के दौरान संघ अध्यक्ष संजय सूर्या, महासचिव वरुण श्रीमाल, गिरीश संघवी देवास ने सम्बोधित करते हुए गुरु भगवंतों के प्रति अपने कृतज्ञता भाव ज्ञापित किए। इसके पूर्व बहु मंडल तथा महिला मंडल द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। संचालन उपाध्यक्ष अनिल भटेवरा ने किया।

पांच दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद शिविर 20 से, बिना सर्जरी हटेगा मस्सा

जबलपुर के विशेषज्ञ करेंगे असाध्य रोगों का उपचार, सुबह 9 से रात 9 बजे तक मिलेगी सेवा

उज्जैन। शहर के क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में 20 से 24 जुलाई तक पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में जबलपुर के आयुर्वेद विशेषज्ञ और मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर संतोष आनंद जायसवाल मरीजों की निःशुल्क जांच कर आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार करेंगे।

पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे संतोष आनंद जायसवाल मुख्य रूप से उन मरीजों का इलाज कर रहे हैं जो पुराने और असाध्य रोगों से लंबे समय से परेशान हैं और जिन्हें कहीं और लाभ नहीं मिल पाया है। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने की सुविधा है। इसके साथ ही लीवर, किडनी, पथरी, बवासीर, भगंदर, दमा, थायराइड, मिर्गी, माइग्रेन, साइटिका, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया वात, कैंसर, चर्म रोग और निःसंतानता जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज भी किया जाएगा। महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं व बच्चों की स्मरण शक्ति और आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए विशेष दवाएं भी दी जाएंगी। आयुर्वेदिक उपचार से कई गंभीर रोगों के मरीजों को तेजी से स्वास्थ्य लाभ मिला है।

आयोजकों के अनुसार यह शिविर उज्जैन में हर महीने की 20 से 24 तारीख तक नियमित रूप से लगाया जाता है। मरीज अपनी जांच और परामर्श के लिए सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक शिविर स्थल पर पहुंच सकते हैं। दूर-दराज के मरीजों के लिए पार्सल

## हामूखेड़ी मूकबधिर छात्रावास में चित्तौड़ा व बाफना परिवार ने रोपे 162 पौधे

### माता-पिता की स्मृति में पौधे लगाकर लिया संरक्षण का संकल्प, गायत्री परिवार ने वैदिक रीति से मनाया अलका चित्तौड़ा का जन्मदिन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से समाजसेवी व पूर्व नगर निगम सभापति प्रकाश चित्तौड़ा और उद्योगपति अशोक बाफना के परिवार ने अपने माता-पिता की स्मृति में 162 पौधे रोपे। यह पौधारोपण रविवार 19 जुलाई को देवास रोड स्थित हामूखेड़ी के शासकीय मूक-बधिर छात्रावास परिसर में किया गया।

इस अवसर पर गायत्री परिवार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रकाश चित्तौड़ा की पत्नी अलका चित्तौड़ा का जन्मदिन भी मनाया और उन्होंने 111 आम के पौधे रोपे। साथ ही, बाफना परिवार ने अपने परिजनों की स्मृति में 51 अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए। दोनों परिवारों ने हर साल पौधारोपण करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर लायंस क्लब उज्जैन अवंतिका ने विद्यार्थियों को खेल सामग्री और मिठाई वितरित की। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारत विकास परिषद, लायंस क्लब, सिंधु दर्शन यात्रा समिति, रोटरी क्लब, स्काउट एंड गाइड, एनएसएस, संस्था सक्षम, प्रबुद्ध मित्र मंडल, ऋचा विचार मंच, गोवर्धन धाम, अलखधाम रहवासी संघ, संत सत्कार समिति और बाल मंच सहित हॉस्टल में निवासरत विद्यार्थी व कर्मचारी एवं अनेक संगठनों ने सहभागिता की। स्वागत भाषण पुष्पेंद्र चित्तौड़ा ने दिया, जबकि संचालन साहित्यकार व कवि शशांक दुबे ने किया। आभार पूजा चित्तौड़ा ने माना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह, राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के अध्यक्ष रमेश शर्मा, डॉ. पूरानिक, डॉ. विमल गर्ग और प्रदीप पांडे उपस्थित रहे। इसके अलावा गौरव मालपानी, वृक्ष मित्र अजय भातखंडे, 'पेड़ वाले बाबा' श्याम माहेश्वरी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रवीन्द्र पाठक, लायन दिनेश राठौर, लायन रवि श्रीमाली, लायन पंकज भटनागर, लायन धर्मेंद्र परिहार, कार्यक्रम संयोजक लायन डूंगर सिंह पवार, लायन रविन्द्र खियानी, लायन मुकेश बंसल, शिक्षाविद् शैलेंद्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके, समाजसेवी दिनेश विजयवर्गीय, कवि सुरेन्द्र सर्किट और महेंद्र जी ज्ञानी सहित करीब 350 पर्यावरण प्रेमी मौजूद थे।

### आर्यरक्षित तीर्थ धाम में पांच आचार्यों का भव्य चातुर्मास प्रवेश

## उज्जैन सहित देशभर से पहुंचे 8 हजार गुरुभक्त, रखा 'आर्य जागरण चातुर्मास' नाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




मालवा की ऐतिहासिक भूमि मंदसौर के आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थधाम में रविवार 19 जुलाई को जैनाचार्य अशोक सागर सूरीश्वर सहित पांच आचार्यों का चातुर्मास के लिए भव्य प्रवेश हुआ। समारोह में उज्जैन-भैरवगढ़ सहित देशभर से लगभग आठ हजार गुरुभक्त शामिल हुए। इस वर्ष चातुर्मास को 'आर्य जागरण चातुर्मास' नाम दिया गया है।

मणिभद्र यक्षराज तीर्थ धाम भेरूगढ़ उज्जैन ट्रस्ट के मीडिया प्रमुख प्रदीप दख एवं विकास कोठारी ने बताया कि तीर्थप्रेरक जैनाचार्य अशोक सागर सूरीश्वर, प्रवचनकार सागरचंद्रसागरसूरि, सौम्यचांद्रसागरसूरि, विवेकचांद्रसागरसूरि, तीर्थचंद्रसागरसूरि, प्रवर्तक गणिधर सहित 11 संत एवं साध्वी शीलरेखा आदि 7 साध्वियों ने मंगल प्रवेश किया। प्रवेश यात्रा के पूर्व माहेश्वरी धर्मशाला में सुमन खमेसरा, धर्मेन्द्र और चेतन परिवार द्वारा नवकारशी रखी गई।

प्रवेशोत्सव में शामिल होने उज्जैन-भैरवगढ़ से बस द्वारा श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचा। इसके अलावा रतलाम, इंदौर, भोपाल, धार, नागेश्वर, महीदपुर, देवास, बेटमा, बांसवाड़ा, उन्हेल, नीमच, आलोट, चौमहला, शाजापुर, बदनावर, सुवासरा, जावरा, अफजलपुर, बड़ोद, डग, सूरत, मुंबई, लुणावाड़ा और पालीताणा से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रवेश यात्रा माहेश्वरी धर्मशाला से शुरू होकर नयापुरा रोड, कालाखेत, आजाद चौक, घंटाघर, सदर बाजार, मंडीगेट, बाड़ापुल और पशुपतिनाथ मंदिर मार्ग होते हुए चंद्रपुरा स्थित आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ धाम पहुंची। यात्रा में रतलाम का अभयसागर बैंड और विशाल जनसैलाब आकर्षण का केंद्र रहा।

धर्मसभा में आचार्य के मांगलिक के पश्चात सागरचंद्रसागरसूरि के प्रवचन हुए। सभा को मुनि धैर्यचंद्रसागर और मुनि वैराग्यचंद्रसागर ने भी संबोधित किया। चातुर्मास का मुख्य लाभ हिंमतमल लोढा परिवार ने लिया। जैनानंद मंडल रतलाम ने कांबली और नैतिक संघवी लुणावाड़ा ने गुरुपूजन का चढ़ावा लिया। संघवी परिवार ने गोधरा और लुणावाड़ा के बीच आगमोद्धारक कमला विहारधाम निर्माण की घोषणा की। मुंबई के सतीश ने जंबुद्वीप में नूतन उपाश्रय का लाभ लिया। आगामी चातुर्मास के लिए रतलाम और महीदपुर ने विनंती की। आयोजन समिति के अनुसार चातुर्मास में प्रतिदिन सुबह 9 बजे प्रवचन और 11:30 बजे भोजन समारंभ होगा।

### आस्था का महासागर बनी राजा जन्मेजय की नगरी ; 25 हजार श्रद्धालुओं संग इतिहास रच गई श्री जगन्नाथ रथ यात्रा

## रथ की रस्सी खींचकर श्रद्धालुओं ने पाया पुण्य लाभ, पुष्पवर्षा भी की गई

### हरिनाम संकीर्तन, पुष्पवर्षा और महाप्रसाद ने बनाया अविस्मरणीय,

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नागदा।



अंतरराष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावना अमृत संघ इस्कॉन नागदा एवं उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान तथा समस्त नगरवासियों के सहयोग से आयोजित तृतीय वर्ष की भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा रविवार को ऐतिहासिक, भव्य एवं अभूतपूर्व जनसहभागिता के साथ संपन्न हुई। अनुमानित 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रत्यक्ष रूप से रथ यात्रा में सहभागिता कर भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई श्री बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के दिव्य दर्शन कर स्वयं को धन्य किया, वहीं लाखों श्रद्धालुओं ने मार्ग में, अपने घरों से, सोशल मीडिया, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रातः शर्मा गली स्थित डॉ. एस.एन. शर्मा निवास पर पांडु विजय उत्सव एवं भगवान की विशेष पूजा-अर्चना के बाद उज्जैन इस्कॉन के कोऑर्डिनेटर धीर गौर प्रभुजी के सान्निध्य में भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा को दिव्य रथ पर विराजित किया गया। कपूर आरती एवं पुष्प अर्पण के पश्चात भव्य वाहन रैली कृषि उपज मंडी पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंखध्वनि के साथ रथ यात्रा का शुभारंभ हुआ।

मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने बताया यात्रा में स्वर्ण रथ पर सजीव राधा-कृष्ण झांकी, भगवान श्री जगन्नाथ का दिव्य रथ, भोलेनाथ, खाचरोद के सतीश शर्मा, बंगाली समाज की संकीर्तन मंडली, इस्कॉन के हरे कृष्ण महामंत्र कीर्तन, नासिक ढोल, ढोल-ताशे, बैंड, डीजे, ई-रिक्शा साउंड वाहन एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों ने पूरे नगर को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। बैलगाड़ी भी यात्रा का विशेष आकर्षण रही।

नगर के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं ने भगवान के स्वागत में पलक-पांवड़े बिछा दिए। सैकड़ों स्वागत मंचों से पुष्पवर्षा, इत्र वर्षा, आरती एवं भोग-प्रसाद अर्पित किया गया। पूरा मार्ग पुष्पों से आच्छादित दिखाई दिया और ₹पतित पावन जय जगन्नाथ₹ तथा ₹हरे कृष्ण-हरे राम₹ के जयघोष से संपूर्ण नागदा गुंजायमान हो उठा।

रथ यात्रा में किसी ने भगवान के रथ की रस्सी खींचकर सेवा की, किसी ने नृत्य किया, किसी ने हरिनाम संकीर्तन किया, किसी ने प्रसादी वितरण की सेवा निभाई, तो किसी ने स्वागत मंचों पर पुष्पवर्षा कर अपनी श्रद्धा अर्पित की। हजारों श्रद्धालुओं ने अपने घरों की छतों एवं बालकनियों से भगवान के दर्शन किए। अनेक श्रद्धालुओं ने सोशल मीडिया, समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से भी रथ यात्रा का सीधा आनंद लिया।

रथ यात्रा के दौरान ₹स्वच्छता भी सेवा है₹ का संदेश प्रभावी रूप से दिया गया। कचरा संग्रहण वाहन निरंतर यात्रा के साथ चलता रहा तथा मार्ग की स्वच्छता बनाए रखी गई। महाप्रसाद का वितरण पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए डिस्पोजेबल पेपर प्लेटों में किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस प्रशासन, चिकित्सा विभाग, नगर पालिका परिषद, विद्युत विभाग, जल विभाग, स्वच्छता विभाग तथा अन्य प्रशासनिक अमला पूरे समय मुस्तैद रहा। लगभग चार घंटे तक नगर के प्रमुख मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे, किंतु पुलिस एवं प्रशासन की उत्कृष्ट व्यवस्था के कारण आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस की ग्रामीण कर्मचारियों के साथ बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ला अभियोजन संचालनालय द्वारा अभियोजन अधिकारियों की विशेष अधिनियम के अंतर्गत आपराधिक एवं अन्य न्यायिक विषय पर एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

जिला अभियोजन संचनालय द्वारा आयोजन अधिकारियों की विशेष अधिनियम के अंतर्गत आपराधिक एवं अन्य न्यायिक विषय पर एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस संबंध में मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि आज दिनांक 18 जुलाई को जिला अभियोजन संचालनालय उज्जैन द्वारा श्रीमान संचालक लोक अभियोजन निदेशालय भोपाल के निदेर्शानुसार संभाग के अभियोजन अधिकारियों एवम लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक, को विशेष अधिनियम के अंतर्गत आपराधिक एवं अन्य न्यायिक विषय पर एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नवीन पुलिस कंट्रोल रूम उज्जैन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान नवनीत भसीन , पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय, श्रीमान सुशील कुमार जोशी अपर सत्र न्यायाधीश महोदय उज्जैन, विशेष अतिथि के रूप में श्रीमति सिम्मी यादव डिप्टी कलेक्टर उज्जैन एवं रविन्द्र सिंह कुशवाह लोक अभियोजक उज्जैन उपस्थित रहे। राजेंद्र कुमार खाण्डेगर उपसंचालक अभियोजन उज्जैन एवं संभाग के सभी अभियोजन अधिकारी प्रशिक्षणार्थी के रूप में शामिल हुए थे। जिनको पवन कुमार पटेल द्वारा साक्ष्य अधिनयम धारा 27 की कानूनी स्थिति व अभियोजन अधिकारी को इस संबंध में न्यायालय में प्रदर्श करवाने संबंधी बारीकियों पर ध्यान आकर्षित करते हुए साथ ही अभियोजन सफलता के लिए वन एवं वन्यजीव संबंधी महत्वपूर्ण विषयो पर अपने गहन अध्ययन से अधिकारियों को लाभान्वित किया ।

उज्जैन
सोमवार
20
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

यस्मिन् देशे न सम्मानो न वृत्तिर्न च बान्धवाः।
न च विद्यागमोऽप्यस्ति वासस्तत्र न कारयेत्॥

**अर्थः** जिस देश में सम्मान न हो, जहाँ कोई आजीविका न मिले, जहाँ अपना कोई भाई-बन्धु न रहता हो और जहाँ विद्या-अध्ययन सम्भव न हो, ऐसे स्थान पर नहीं रहना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### एनसीसी कैडेट्स ने दिया ट्रैफिक पुलिस का साथ

**इंदौर।** सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन, यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने एनसीसी कैडेट्स के साथ विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान एडिशनल डीसीपी विक्रम सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में 1 एसपी गर्ल्स बटालियन की एनसीसी कैडेट्स व स्टाफ ने शाम 4 बजे से रात 7 बजे तक शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक संभाला। इसमें मुख्य रूप से व्हाइट चर्च चौराहा, पलासिया चौराहा, गिटार तिराहा, एलआईजी चौराहा, रसोमा चौराहा व विजय नगर चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ट्रैफिक संभाला और सड़क सुरक्षा जागरूकता एक्टिविटि में ट्रैफिक पुलिस का सहयोग किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स को ट्रैफिक संचालन के संकेत, सावधानियां आदि की ट्रेनिंग भी दी गई। इसके बाद चौराहों पर ट्रैफिक संकेतों का पालन करने, रेड लाइट जंप न करने, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। ट्रैफिक पुलिस के साथ एनसीसी की विभिन्न इकाई आगे भी ट्रैफिक प्रबंधन और जागरूकता में अपना योगदान देंगी।

### ई-रिक्शा में ले जा रहे थे 70 हजार की शराब

**इंदौर।** कनाडिया पुलिस ने ई-रिक्शा से शराब ले जाने वाले दो को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 70 हजार रुपए कीमत की शराब भी जब्त की गई है। इसके साथ ही पुलिस ने 5 लाख रुपए कीमत का ई-रिक्शा भी जब्त कर लिया है। कनाडिया पुलिस के मुताबिक पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दो लोग ई-रिक्शा में अंग्रेजी शराब भरकर फिनिक्स मॉल की तरफ जा रहे है, जिस पर पुलिस ने घेराबंदी की और ई-रिक्शा को रोका। रिक्शा की तलाशी ली तो उसने पीछे की तरफ कार्टुन रखे हुए थे, जिसमें अंग्रेजी शराब व बीयर भरी हुई थी। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम जगदीश (60) पिता सूरजमल वर्मा निवासी शिव मंदिर के पास ग्राम कनाडिया और हरदेवसिंह (29) पिता सुखसिंह परमार निवासी कस्वा दवोह जिला भिंड हाल पता स्कीम नंबर 134 वसुंधरा अपार्टमेंट के पीछे बताया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 8 पेटी अंग्रेजी शराब और बीयर कुल 72.93 लीटर 70 हजार रुपए की जब्त की। पुलिस ने 5 लाख रुपए कीमत की ई-रिक्शा भी जब्त की है। इधर, पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर जानकारी निकाल रही है कि वे शराब कहां से लेकर आए थे और कहां लेकर जा रहे थे।

### आहार की शर्त : कम से कम पांच पेड़ लगाओ, तभी संत करेंगे भोजन



**इंदौर।** जैन धर्म में चातुर्मास को आत्म-साधना, अहिंसा और जीव दया का समय माना जाता है। इंदौर में दिगंबर जैन संत अंतमुर्खी मुनि पूज्यसागर महाराज ने इस बार चातुर्मास को प्रकृति संरक्षण से जोड़ दिया है। उन्होंने तय किया है कि वे चातुर्मास के दौरान उसी श्रावक (परिवार) के घर आहार ग्रहण करेंगे, जो पर्यावरण बचाने का लिखित संकल्प देगा। मुनि श्री ने इसके लिए संकल्प पत्र तैयार कराया है। जिस परिवार में आहार होगा, उसे तीन में से कम से कम दो संकल्प लेने होंगे। इनमें घर या आसपास कम से कम 5 पौधे लगाना और उनकी जिम्मेदारी लेना, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना, एक परिवार द्वारा दूसरे परिवार को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है। महाराज श्री ने बताया कि चातुर्मास के 120 दिनों में अकेले इंदौर में उनके माध्यम से 600 से ज्यादा पौधे लगने का अनुमान है।

### कारखाना संचालक का घर में खून से सना शव मिला

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के राज नगर में रविवार सुबह एक कारखाना संचालक का घर में खून से सना शव मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय कमल कुमावत के रूप में हुई है। उनके शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर हत्या की आशंका के साथ जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, कमल कुमावत रविवार सुबह काफी देर तक नीचे नहीं आए। इस पर उनके भाई शेखर उन्हें देखने ऊपर कमरे में पहुंचे। दरवाजा खोलने पर कमरे में खून फैला हुआ था और कमल का शव पड़ा मिला। उन्होंने तुरंत परिवार और पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, कमरे का सामान भी बिखरा हुआ मिला है। इससे आशंका जताई जा रही है कि घटना से पहले संघर्ष हुआ हो सकता है। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है। परिवार ने बताया कि कमल कुमावत अलमारी बनाने का कारखाना संचालित करते थे। कमल की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है। उनके दो बच्चे हैं, जो घटना के समय गांव गए हुए थे। परिवार में कमल के तीन भाई भी हैं। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। चंदन नगर थाना पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हत्या के कारण और आरोपियों का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

---

### भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य रथयात्रा ने पूरे इंदौर को भक्तिमय बना दिया

# हरे कृष्ण के जयघोष से गूंजा इंदौर, ड्रोन से बरसे फूल

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य रथयात्रा ने रविवार को पूरे इंदौर को भक्तिमय बना दिया। अन्नपूर्णा मंदिर से निकली इस्कॉन की रथयात्रा राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर तक पहुंची। करीब 5 किलोमीटर लंबे मार्ग पर काफी संख्या में श्रद्धालु भक्ति और उत्साह के साथ शामिल हुए। रिमझिम फुहारों के बीच ह्लहरे रामा-हरे कृष्णाह्ल और ह्लजगन्नाथ स्वामी नयन पथगामी भवतु मेह्ल के जयघोष से पूरा शहर गुंजायमान रहा।



यात्रा का शुभारंभ इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास, अन्नपूर्णा आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि, स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि, डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, महंत पवनदास महाराज सहित अनेक संतों के सान्निध्य में हुआ। अतिथियों ने रथ का पूजन कर और मार्ग की प्रतीकात्मक सफाई कर यात्रा को रवाना किया। 51 फीट ऊंचे भव्य रथ पर विराजित भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन के लिए मार्गभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। यात्रा के दौरान ड्रोन से पुष्पवर्षा की गई, जबकि 65 स्वागत मंचों और तोरण द्वारों से भी फूल बरसाकर भगवान का स्वागत किया गया। रथ को अपने हाथों से खींचने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**देश-विदेश के संत बने आकर्षण-** कतर, यूक्रेन, वृंदावन, मायापुर (कोलकाता) और देश के विभिन्न हिस्सों से आए संतों और भक्तों ने संकीर्तन एवं नृत्य प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। विदेशी भक्तों के कृष्ण भक्ति नृत्य और संकीर्तन ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। राधा-कृष्ण स्वरूप में सजी महिलाएं और गोपियों की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

#### एक किलोमीटर लंबा बना श्रद्धालुओं का काफिला

यात्रा में दो रथ, छह बग्घियां, दो बैंड, तीन भजन मंडलियां, विंटेज कारें और दर्जनों वाहन शामिल रहे। श्रद्धालुओं का काफिला इतना लंबा था कि उसका एक सिरा महू नाका क्षेत्र में था तो दूसरा काफी पीछे तक फैला हुआ था। यात्रा को गोपाल मंदिर पहुंचने में लगभग पांच घंटे का समय लगा।

#### हर मोड़ पर स्वागत, पूरे मार्ग में प्रसाद वितरण

अग्रवाल, जैन, माहेश्वरी, खंडेलवाल, गुर्जर गौड़, यादव-अहीर समाज, विश्व हिंदू परिषद सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने यात्रा का स्वागत किया। जगह-जगह फलाहार, शीतल पेय और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। बिजली के तारों और अन्य अवरोधों से रथ को सुरक्षित निकालने के लिए हाइड्रोलिक सिस्टम का उपयोग किया गया।

---

### झुर्रियों में संघर्ष की कहानी, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मानःराज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा

# संविधान और लोकतंत्र की रक्षा ही लोकतंत्र सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रविवार को इंदौर के खंडवा रोड स्थित अखंड परमधाम आश्रम में लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) का भव्य सम्मान मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सहित राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और अन्य राज्यों से पहुंचे सैकड़ों लोकतंत्र सेनानी, उनके परिजन और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। तीन घंटे तक चले आयोजन में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा रहा।





मुख्य अतिथि कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा कि 1975 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय था, जब मौलिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध लगाए गए। ऐसे दौर में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों का योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना ही इन सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल वी.एस. कोकजे, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, 101 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद पंडित रामकिशन शर्मा, पूर्व सांसद कृष्णमुरारी मोघे, लोकतंत्र सेनानी समिति के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक, सांसद शंकर लालवानी सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सभी लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मान किया गया।

जयपुर से आए 101 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद पंडित रामकिशन शर्मा ने कहा कि आपातकाल की पीड़ा और संघर्ष को इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। लोकतंत्र सेनानियों के अनुभव समाज और युवा पीढ़ी तक पहुंचना जरूरी है, ताकि लोकतांत्रिक अधिकारों का महत्व समझा जा सके।

समारोह में आपातकाल पर आधारित विशेष चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने उपस्थित लोगों को उस दौर की यादों में पहुंचा दिया। प्रदर्शनी में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र पर लगे प्रतिबंधों, जन आंदोलनों और संघर्षों से जुड़े दुर्लभ चित्रों के साथ दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों को भी श्रद्धांजलि दी गई। पं. रामनारायण शास्त्री, विष्णु प्रसाद शुक्ला, कमल सचदेवा, श्रीवल्लभ शर्मा, जादवचंद जैन, नारायण धाम, कृष्ण कुमार अस्थाना, फूलचंद वर्मा और जयकृष्ण गौड़ सहित अनेक दिवंगत सेनानियों के चित्र प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी देखते समय कई लोकतंत्र सेनानी अपने साथियों को याद कर भावुक भी नजर आए।

#### यातनाएं सहीं, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता नहीं किया

पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ने कहा कि आपातकाल के दौरान हजारों लोगों ने जेल यातनाएं झेलीं, परिवारों से दूर रहे और कठिन परिस्थितियों का सामना किया, लेकिन लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा के अपने संकल्प से पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को इस संघर्ष के इतिहास से अवगत कराना समय की आवश्यकता है। समारोह के आयोजक एवं समिति अध्यक्ष रामबाबू अग्रवाल ने कहा कि समय के साथ अनेक लोकतंत्र सेनानी अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन उनका संघर्ष और बलिदान आज भी प्रेरणा देता है।

---

### मंत्री विजयवर्गीय ने सुधासागरजी महामुनिराज से लिया आशीर्वाद



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

म. प्र. शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुनिपुगव मुनीश्री सुधासागरजी महामुनिराज के बिहार रत दर्शन कर सर सेठ हुकुमचंद जी की धर्म नगरी इंदौर में सकल इंदौर समाज की और से ऐतिहासिक वषायोग हेतु श्रीफल समर्पित कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर समाज के श्रैष्ठिगण सपना मनीष गोधा रानी अशोक डोसी, आकाश कोल आनंद नवीन गोधा, धर्मेन्द्र जैन सिनकेम अक्षय कासलीवाल राहुल जैन राजेश जैन दद्दू सहित सैकडों समाजजनों ने मंत्री विजयवर्गीय के साथ इन्दौर नगर में चातुर्मास सानंद संपन्न हो के लिऐ निवेदन किया।

### तेज रफ्तार कार चाय की गुमटी में घुसी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

लसूडिया थाना क्षेत्र में रविवार तड़के एक तेज रफ्तार कार चाय की गुमटी में घुस गई। हादसे के बाद ड्राइवर ने कार रिवर्स लेने की कोशिश में दो बाइक को भी टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह कार लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ड्राइवर की तलाश कर रही है। घटना स्कीम नंबर-78 स्थित टेलीपरफॉर्मेंस के बाहर की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक अर्टिगा कार तेज रफ्तार में आई और संतुलन बिगड़ने से सड़क किनारे लगी चाय की गुमटी में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

---

## बाइक-सवार पर डंडे से हमला करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, तीसरे की तलाश जारी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में बाइक सवार पर डंडे से हमला कर उसे घायल करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी की तलाश जारी है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस को 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी पड़ी, जिसके बाद उनका सुराग मिला।

एमआईजी थाना प्रभारी सी.बी. सिंह ने बताया कि 17 जुलाई को फरियादी निखिल (22) पुत्र विनोद पाटिल, निवासी कृष्णबाग कॉलोनी, ड्यूटी खत्म कर बाइक से सत्यसाई चौराहे से अपने घर जा रहा था। अलसुबह करीब 4 बजे जब वह बफार्नी धाम स्थित पानी की टंकी के पास पहुंचा, तो सड़क पर पड़ी एक ईंट को बाइक पर बैठे-बैठे पैर से हटाने लगा। तभी सामने से बाइक पर आए तीन बदमाशों में से एक ने उसके मुंह पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों के निर्देश पर विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास के 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में आरोपियों के हुलिए और पहने हुए कपड़ों के रंग के आधार पर उनकी पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने गौतम पुत्र गोपाल बिल्लौरे और अरुण पुत्र मुकेश बनिया, दोनों निवासी कृष्णबाग कॉलोनी, को गिरफ्तार कर लिया। वहीं तीसरे आरोपी शुभम पुत्र राकेश रोकड़े, निवासी कृष्णबाग कॉलोनी, की तलाश जारी है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल डंडा और बाइक भी जब्त कर ली है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस दोनों आरोपियों को घटना स्थल पर लेकर पहुंची, जहां उनसे वारदात का घटनाक्रम समझा गया। पुलिस ने पूछा कि वे किस दिशा से आए और हमला करने के बाद किस रास्ते से फरार हुए।

## गलती से कचरा गाड़ी में फेंका 2 किलो चांदी का लोटा, ट्रेंचिंग ग्राउंड से 24 घंटे में ढूंढ निकाला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में नगर निगम की गाड़ियां सिर्फ कचरा ही नहीं उठातीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर सजगता दिखाते हुए आपकी खोई हुई कीमती अमानत भी सुरक्षित वापस ला सकती है।

ऐसा ही एक अनूठा मामला राजेंद्र नगर क्षेत्र में सामने आया है, जहां एक महिला की छोटी सी चूक से कचरा गाड़ी में गए दो किलो चांदी के लोटे को निगमकर्मियों ने 24 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ढूंढ निकाला। रविवार को जब यह लोटा वापस परिवार को सौंपा गया, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एक जैसी थैली होने से हो गई चूक वाकया शुक्रवार सुबह का है। राजेंद्र नगर की रहने वाली महिला



ने घर का नियमित कचरा बाहर निकाल कर रखा था। इसी दौरान घर में एक बंद थैली में दो किलो वजन का चांदी का लोटा भी रखा हुआ था। कचरे की थैली और लोटे वाली थैली एक जैसी होने के कारण, महिला ने अनजाने में लोटे वाली थैली को भी कचरा कलेक्शन वाहन में डाल दिया। शाम को जब परिवार ने घर में लोटा ढूंढा और वह नहीं मिला, तब उन्हें अपनी इस भूल का अहसास हुआ। इसके बाद परिवार ने तुरंत क्षेत्रीय पार्षद प्रशांत बडवे से संपर्क कर मदद मांगी। लालबाग से नेपरा ट्रेंचिंग ग्राउंड तक खोजबीन पार्षद ने तुरंत वार्ड 80 के कचरा वाहन चालक और दरोगा भारत वैद्य से संपर्क किया। तब तक वार्ड से निकला कचरा पहले लालबाग ट्रेंचिंग ग्राउंड और वहां से आगे नेपरा ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा जा चुका था। सैकड़ों टन कचरे के बीच से एक लोटा ढूंढना चुनौतीपूर्ण काम था, लेकिन निगम अमले ने इसे जिम्मेदारी से लिया। जोन-21 के सीएसआई विजय यादव, एसीएसआई रवि सिंह और ट्रेंचिंग ग्राउंड प्रभारी धीरज व्यास ने टीम के साथ मोर्चा संभाला। शुक्रवार रात से शुरू हुआ यह तलाशी अभियान शनिवार सुबह तक जारी रहा। आखिरकार, शनिवार सुबह 10 बजे निगमकर्मियों ने कचरे के ढेर में दबा वह चांदी का लोटा ढूंढ निकाला।

---

### गंजबासौदा में रेलवे ट्रैक पर मिला शरीर, सिर गायब, पहचान के लिए होगा डीएनए टेस्ट

# पोस्टल असिस्टेंट की हत्या के आरोपी पति की लाश मिली

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी की हत्या के फरार आरोपी पति अखिलेश सैनी का शव मिला है। गंजबासौदा में रेलवे ट्रैक पर मिले शव का सिर धड़ से गायब है। पैंट की जेब से अखिलेश के दस्तावेज बरामद हुए।

पुलिस ने बताया- परिजन से पहचान कराने के बाद ही आधिकारिक पुष्टि की जाएगी। इंदौर पुलिस समेत अखिलेश के परिजन गंजबासौदा के लिए निकल गए हैं।

शहर थाना टीआई संजय वेदिया ने बताया- गंजबासौदा और पवई के बीच रेलवे ट्रैक के पोल नंबर 925 पर एक शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो देखा कि पटरी पर सिर्फ धड़ पड़ा है। सिर गायब है।






जेब की तलाशी लेने पर अखिलेश सोनी का आधार कार्ड और सुसाइड नोट मिले। वेदिया ने बताया कि पुलिस ने रेलवे ट्रैक के आसपास करीब 6 किलोमीटर तक जांच की, लेकिन सिर नहीं मिला। एसआई बीएल मालवीय ने बताया- पहचान के लिए मृतक की 15 साल की बेटी प्रेक्षा आई थी, लेकिन उसने पहचान नहीं की। उसने कहा कि सिर्फ धड़ है, सिर नहीं है। ऐसे में पहचान कर पाना मुश्किल है। शव के शिनाख्ती के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। पोस्टमॉर्टम सोमवार सुबह कराया जाएगा। पुलिस की कई टीमें अखिलेश की तलाश में लगी थीं। उस पर घोषित इनाम 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया था। उर्मिला की बेटी प्रेक्षा के बयानों और पुलिस पड़ताल में जो कहानी सामने आई, उससे साफ हो गया कि ये हत्या सोची-समझी साजिश का नतीजा थी। हत्या को अंजाम देने के बाद अखिलेश सैनी ने खून से सने कपड़े घर के पास ही एक चेंबर में फेंक दिए। नहाकर साफ कपड़े पहने।

**11 जुलाई को हुई थी उर्मिला की हत्या-** दरअसल, बीती 11 जुलाई को सरकारी आवास में पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी (38) की हत्या कर दी गई थी। वारदात का खुलासा तब हुआ, जब दोपहर करीब एक बजे उनके दोनों बच्चे स्कूल से लौटे। घर का मेन गेट खुला था और अंदर तेज आवाज में टेलीविजन चल रहा था। घर के भीतर पहुंचने पर बच्चों ने मां को खून से लथपथ देखा। उन्होंने तुरंत अपने नाना सत्यनारायण मालाकार को फोन किया। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी थी।

**20 हजार रुपए का इनाम घोषित था-** उर्मिला सैनी की हत्या के बाद से ही अखिलेश फरार था। बेटी प्रेक्षा ने खुलासा किया था कि पिता लंबे समय से मां पर बेवजह शक करते थे। इससे पहले भी वे मां का गला दबाने की कोशिश कर चुके थे। एक बार बीच-बचाव करने पर आरोपी ने मंदिर का सिंहासन उठाकर बेटी पर ही फेंक दिया था।

स्वदेशी जागरण मंच    स्वावलंबी भारत अभियान

MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबेल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, फ्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, प्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवेरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इलैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |

# 'रैंचो' का किरदार सोनम वांगचुक से प्रेरित नहीं



फिल्म 3 इडियट्स को रिलीज हुए 15 साल से ज्यादा समय हो चुका है। कई सालों से एक दावा लगातार दोहराया जाता रहा कि फिल्म का फेमस किरदार रैंचो उर्फ फुंसुख वांगडू शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक से प्रेरित था। यह बात अब इतनी बार कही जा चुकी है कि कई लोग इसे तथ्य मानने लगे हैं। हालांकि, उपलब्ध रिकॉर्ड और फिल्म से जुड़े लोगों के बयानों को देखने पर इस दावे को लेकर कई सवाल सामने आते हैं। पहली नजर में दोनों के बीच कुछ समानताएं दिखाई देती हैं। दोनों इंजीनियर हैं, शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हैं, स्कूल चलाते हैं और लद्दाख से उनका संबंध है। फिल्म में रैंचो की असली पहचान फुंसुख वांगडू के रूप में दिखाई गई है, जिसका नाम भी सोनम वांगचुक से मिलता-जुलता लगता है। हालांकि, कहानी के मुख्य हिस्से में रैंचो का जीवन पूरी तरह अलग नजर आता है। फिल्म में वह एक अमीर परिवार के बेटे की पहचान अपनाकर इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई करता है।

उसकी कहानी दोस्ती, पढ़ाई, परीक्षा, हॉस्टल जीवन और शिक्षा व्यवस्था के विरोध के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म के अंत में वह लद्दाख में एक स्कूल चलाते हुए दिखता है। यही हिस्सा सोनम वांगचुक से तुलना की सबसे बड़ी वजह माना जाता है। जांच से पता चला कि 3 इडियट्स की स्क्रिप्ट 1 अगस्त 2007 को स्क्रीनराइटर्स एसोसिएशन के साथ रजिस्टर हुई थी। मौजूद जानकारी से पता चलता है कि आमिर खान और सोनम वांगचुक पहली बार अप्रैल 2008 में सार्वजनिक रूप से मिले थे। अगर स्क्रिप्ट पहले से ही पूरी थी, तो यह सवाल उठता है कि क्या 2008 की मुलाकात से पहले लिखी गई कहानी बाद की किसी घटना से इंस्पायर्ड हो सकती है।

## लेखकों ने क्या कहा था?

फिल्म के लेखक अभिजात जोशी और डायरेक्टर-को-राइटर राजकुमार हिरानी कई इंटरव्यू में कह चुके हैं कि रैंचो के किरदार की सोच एक अलग घटना से प्रेरित थी। उनके मुताबिक, फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के एक छात्र की कहानी ने उन्हें प्रभावित किया था। उन्होंने बताया था कि वह छात्र डिग्री के लिए नहीं, बल्कि सीखने के उद्देश्य से दूसरे छात्र की पहचान अपनाकर संस्थान पहुंचा था।

# 'रामायण' ट्रेलर लॉन्च इवेंट, रणबीर ने सनी देओल के पैर छुए



फिल्म 'रामायणः प्रथम संकल्प' का ट्रेलर शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इवेंट में लॉन्च किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर नितेश तिवारी, प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा और फिल्म की स्टार कास्ट मौजूद रही। मेकर्स ने घोषणा की कि ट्रेलर 24 जुलाई को दुनियाभर में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगा। इवेंट में भगवान राम की भूमिका निभा रहे रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश, सनी देओल, रवि दुबे, विवेक ओबेराय सहित अन्य कलाकार शामिल हुए। इवेंट के दौरान रणबीर ने सनी देओल के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। मंच पर यश ने हिंदी में बात करने की कोशिश की। इस दौरान जुबान फिसलने की वजह से उन्होंने गलती से 'अवसर' (मौका) की जगह 'अवकाश' (छुट्टी) शब्द बोल दिया। करीब चार मिनट के ट्रेलर में फिल्म के भव्य विजुअल्स, बड़े पैमाने पर तैयार की गई दुनिया और प्रमुख किरदारों की पहली विस्तृत झलक दिखाई गई। कार्यक्रम में बाबा रामदेव और कुमार विश्वास भी थे। इवेंट में बाबा रामदेव ने मंच पर योग भी करके दिखाया। वहीं, बाबा रामदेव ने हंसते हुए कहा कि जब उन्होंने पहली बार सुना कि इस फिल्म का बजट 4000 करोड़ रुपए है, तो यह सुनकर उनकी समाधि लग गई।

इवेंट के दौरान रणबीर ने काला चश्मा पहना हुआ था। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा, ₹सबसे पहले मैं एक चीज कहना चाहूंगा कि ये काला चश्मा पहनने के लिए मैं आप सब से क्षमा मांगता हूं। मेरी आंखों में इन्फेक्शन हुआ है, पर आज इस शुभ अवसर पर मेरे दिल में सिर्फ अफेक्शन (प्यार) है।

# प्रियंका चोपड़ा के बर्थडे पर पति निक का खास पोस्ट



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा 18 जुलाई को 44 साल की हो गई हैं। उनके बर्थडे के एक दिन बाद पति और सिंगर निक जोनास ने सोशल मीडिया पर एक खास वीडियो शेयर कर उन्हें विश किया है। इस वीडियो में प्रियंका स्पेन में एक याट पर वैकेशन मनाती हुई नजर आ रही हैं।

वहीं, प्रियंका के बर्थडे पर उनकी अगली फिल्म 'वाराणसी' से उनका पहला लुक भी रिलीज किया गया है। हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान निक और प्रियंका ने अपनी लव स्टोरी के बारे में बात की थी और बताया था कि साल 2016 में दोनों की बातचीत कैसे शुरू हुई थी। स्पेन में वैकेशन मना रही हैं प्रियंका निक जोनास ने रविवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक शॉर्ट वीडियो पोस्ट किया। यह वीडियो स्पेन का है, जहां दोनों छुट्टियां बिता रहे हैं। वीडियो में एक खूबसूरत याट दिखाई दे रही है, जिस पर प्रियंका चोपड़ा बिकिनी पहने कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज दे रही हैं। उन्होंने सनग्लासेज और सिर पर बैंडना बांध रखा है। वीडियो में प्रियंका निक को फ्लाइंग किस देती नजर आ रही हैं।

# 'आदर्श बाल विद्यालय' की कास्ट ने बताए बचपन के सपने

## ट्रेन ड्राइवर बनना था केके मेनन का सपना

मार्कशीट में कितने नंबर आए थे, यह शायद वक्त के साथ याद नहीं रहता, लेकिन स्कूल की घंटी, रीसेस, दोस्तों के साथ की गई शरारतें, टीचर्स की डांट और क्लासरूम के किस्से जिंदगीभर साथ चलते हैं। प्राइम वीडियो की नई सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' भी इन्हीं यादों के सहारे आज की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती है।

बातचीत में केके मेनन, नवीन कस्तूरिया, अर्चना पूरन सिंह, समीर सक्सेना और हिमांक गौर ने अपने स्कूल के दिनों की यादें ताजा कीं। बातचीत के दौरान कभी सब ठहाके लगाते नजर आए, तो कभी अच्छे टीचर्स और एजुकेशन सिस्टम को लेकर गंभीर बातें भी सामने आईं।

'रीसेस का इंतजार रहता था, सबसे बड़ा टेंशन यूनिट टेस्ट होता था' जब सभी कलाकारों से पूछा गया कि स्कूल की सबसे पहली याद क्या आती है, तो जवाब लगभग हर उस इंसान जैसा था जिसने स्कूल की जिंदगी जी है। नवीन कस्तूरिया ने मुस्कुराते हुए कहा कि सबसे पहले उन्हें रीसेस याद आती है। पूरा दिन उसी का इंतजार रहता था क्योंकि वही दोस्तों के साथ खुलकर मस्ती करने का समय होता था। उस उम्र में सबसे बड़ा टेंशन यूनिट टेस्ट का होता था। लगता था कि किसी तरह टेस्ट खत्म हो जाए, फिर कुछ दिनों के लिए जिंदगी आसान हो जाएगी। वहीं केके मेनन ने बताया कि उन्हें स्कूल के दिनों में हिस्ट्री सबसे ज्यादा पसंद थी। आज भी इतिहास पढ़ना और उससे जुड़ी चीजों को जानना उन्हें उतना ही अच्छा लगता है।

किसी का सपना एयर होस्टेस, तो कोई ट्रेन ड्राइवर बनना चाहता था बात जब बचपन के सपनों पर पहुंची



तो हर किसी का जवाब अलग था। अर्चना पूरन सिंह ने हंसते हुए बताया कि बचपन में वह एयर होस्टेस बनना चाहती थीं। वजह भी दिलचस्प थी। उन्हें लगता था कि एयर होस्टेस को दुनिया घूमने का मौका मिलता है और उनके पास ढेर सारी चॉकलेट होती हैं। बाद में उनका मन टीचर बनने का होने लगा।

केके मेनन ने बताया कि बचपन में वह ट्रेन ड्राइवर बनना चाहते थे। उन्हें लोकोमोटिव और बड़े-बड़े वाहनों को देखकर हमेशा हैरानी होती थी कि आखिर इन्हें चलाया कैसे जाता होगा। नवीन कस्तूरिया ने कहा कि क्लास छह तक उनका सपना एक्टर बनने का था। बाद में आईआईटी की तैयारी शुरू हो गई, लेकिन फिल्मों का आकर्षण कभी खत्म नहीं हुआ।


### किसी टीचर के पास डंडा था, कोई ड्रैकुला की कहानी सुनाता था

स्कूल के टीचर्स का जिक्र आते ही पूरी स्टारकास्ट अपने-अपने किस्से सुनाने लगी। समीर सक्सेना ने बताया कि उनके स्कूल में एक टीचर क्लास में आते ही शोर मचाने वाले बच्चों को लाइन में खड़ा कर एक-एक करके थप्पड़ मारते थे। आज उस घटना को याद करके हंसी आती है। केके मेनन ने कहा कि उनके समय में सजा देने के भी अलग-अलग तरीके होते थे। कोई चॉक फेंकता था, कोई डस्टर, तो कोई कान पकड़कर खड़ा कर देता था। अर्चना पूरन सिंह ने अपने इंग्लिश टीचर को याद किया, जो पढ़ाई के बीच ड्रैकुला की कहानियां सुनाने लगते थे। पूरी क्लास उनकी कहानी सुनने का इंतजार करती थी। वहीं समीर सक्सेना ने बताया कि उनके पीटी टीचर खेल कराने के बजाय हॉरर फिल्मों की कहानियां सुनाते थे। चीटिंग पर भी हुई खुलकर बात बातचीत के दौरान बोर्ड एग्जाम और चीटिंग के किस्से भी सामने आए। नवीन कस्तूरिया ने हंसते हुए स्वीकार किया कि 12वीं की फिजिक्स परीक्षा में वह किसी तरह पास हुए थे। वहीं केके मेनन ने एक मजेदार किस्सा सुनाया कि एक बार पीछे बैठे छात्र ने उनकी आंसर शीट देखकर पूरा जवाब उतार लिया था और आखिर में दोनों पकड़े गए। हालांकि, अर्चना पूरन सिंह ने कहा कि उनके स्कूल में चीटिंग के बारे में सोचना भी गलत माना जाता था।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## रंग भरकर चित्र बनाओ




## जोक्स

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!
00000000000

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!
00000000000

## वर्ग पहेली



### वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. लाचार, बेबस-3
3. प्राण, जान-3
5. दुर्ग, फोर्ट-2
6. सद्पुरुष-2
8. कवायद-4
10. प्रतिघात, मुआवजा-3
12. कंठ, गला-3
13. लकड़ी-2
14. प्रथम मानव-2
15. धोखेबाज, कपटी-3
17. माजरा, घटना-3
19. कहासुनी, झंझट -4
21. संबोधन-2
23. चावल-2
24. रगड़ना, लगाना-3
25. वादा, प्रतिज्ञा - 3

**ऊपर से नीचे**

1. लता, लतिका-2
2. चावल (अंग्रेजी-3)
3. हूर, अप्सरा-3
4. आकाश, व्योम-2
5. शायरी करनेवाला-3
7. योग्य, उपयुक्त-3
8. अदाकार, फनकार-4
9. घोड़ागाड़ी-2
12. बजरंगबली-4
15. माह, मास-3
16. जांघ, जंघा-2
18. धिक्कार, फटकार-3
19. मामूली, तुच्छ-3
20. बहने का भाव-3
22. संस्कृत में 'मेरा'-2
23. होश, आभास-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 18 | | 14 | | 4 | | 4 | = | 32 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 10 | | 2 | | 8 | = | 5 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 58 | | 8 | | 23 | | 21 | = | 32 / 24 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में आंध्रप्रदेश के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हैं.

---------------

आदिलाबाद, हैदराबाद, अनंतपुर, गुंटूर, चितुर, कृष्णा, कर्नूल, कडप्पा, खम्मन, करीमनगर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | | 4 | 5 | | 1 |
| | 27 | 7 | 32 | | 34 | |
| 4 | 2 | 1 | | 3 | | 7 |
| | 33 | | 32 | | 31 | |
| 7 | 5 | | 6 | 1 | 2 | 4 |
| | 33 | 5 | 31 | | 34 | |
| | 5 | | 3 | | 7 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | + | 42 | + | 3 | - | 8 | = | 77 |
| + | | - | | x | | - | | - |
| 42 | - | 10 | - | 2 | + | 3 | = | 33 |
| - | | + | | + | | - | | - |
| 11 | x | 3 | - | 25 | x | 4 | = | 32 |
| - | | - | | - | | + | | + |
| 45 | • | 15 | x | 20 | - | 39 | = | 21 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 26 | - | 20 | x | 11 | - | 40 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 2 | 25 | 7 | 32 | 4 | 36 | 2 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 3 | 27 | 6 | 33 | 6 | 39 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | 7 | 30 | 3 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 1 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल 5181

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल 5180 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | [illegible] | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# संसद का मानसून सत्र आज से:पेपर लीक, राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर हंगामे के आसार;

## राज्यसभा में अमित शाह वंदेमातरम से जुड़ा बिल पेश करेंगे

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसकी शुरूआत हंगामेदार रहने के आसार हैं। विपक्ष सोनम वांगचुक के अनशन, ठएएळ-वत्रॄपेपर लीक, स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (रक्फ़), महंगाई और राम मंदिर चढ़ावा चोरी समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। वहीं, सरकार इस सत्र में 7 विधेयक पेश करेगी। लोकसभा में सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने से जुड़ा 'सुप्रीम कोर्ट (संशोधन) विधेयक' पेश किया जाएगा। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संविधान और राष्ट्रगान के अपमान से संबंधित संशोधन विधेयक पेश करेंगे। इस बार मानसून सत्र में ळटउ के बागी सांसदों की नई पार्टी 'नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' भी पहली बार संसद में नजर आएगी। सत्र शुरू होने से पहले पीएम मोदी संसद भवन के हंस द्वार पर मीडिया को संबोधित करेंगे। 18वीं लोकसभा का नौवां संसदीय सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। 25 दिनों के इस सत्र में लोकसभा और राज्यसभा की कुल 19 बैठकें प्रस्तावित हैं। मोदी सरकार राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2026 पहले राज्यसभा में पेश करने वाली है। 1971 के अधिनियम के तहत मुख्य रूप से राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान, संविधान का अपमान करने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। इसके तहत राष्ट्रीय सम्मान का अपमान करने पर 3 साल तक की जेल की सजा और जुमार्ना हो सकता है।

सरकार ने इसी अधिनियम की धारा 3 में संशोधन किया है। वह राष्ट्रगीत वंदेमातरम को राष्ट्रगान के बराबर का दर्जा दिलाना चाहती है। यानी बिल का मकसद राष्ट्रीय गीत को भी राष्ट्रगान 'जन गण मन' की तरह ही कानूनी सुरक्षा देना है। बिल के प्रावधानों के अनुसार अब वंदेमातरम् गाने में रुकावट डालने, किसी भी तरह से उसका अपमान करने वाले काम को दंडनीय बनाया जाएगा।




### लोकसभाः सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल ऑर्डिनेंस की जगह लेगा

लोकसभा में सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन विधेयक पेश, 2026 पेश किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 की जाएगी। यह बिल मई में जारी ऑर्डिनेंस की जगह लेगा। ऑर्डिनेंस लागू होने के बाद बढ़ी हुई स्वीकृत संख्या के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में 5 नए जज नियुक्त किए जा चुके हैं। इस संशोधन के लिए संविधान में बदलाव की जरूरत नहीं है। इसे पारित करने के लिए संसद में साधारण बहुमत चाहिए। ऑर्डिनेंस क्या होता है जब संसद का सत्र नहीं चल रहा होता, तब सरकार तत्काल कानून बनाने के लिए ऑर्डिनेंस या अध्यादेश जारी कर सकती है। लेकिन संसद का सत्र शुरू होने के बाद उसे 6 सप्ताह (42 दिन) के भीतर दोनों सदनों से पारित कराना जरूरी होता है, अन्यथा ऑर्डिनेंस अपने आप ही समाप्त माना जाता है।

---

**अगले 25 जुलाई तक उत्तर, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत समेत देश के 60% से ज्यादा हिस्सों में अच्छी बारिश की संभावना**

# देश के 70% हिस्से में बादल छाए:25 जुलाई तक बारिश का अलर्ट; राजस्थान के 3 जिलों में तापमान 41 डिग्री के पार

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

इसरो के सैटेलाइट तस्वीरों के मुताबिक, देश के करीब 70% हिस्से में मानसूनी बादल छाए हुए हैं। अगले 25 जुलाई तक उत्तर, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत समेत देश के 60% से ज्यादा हिस्सों में अच्छी बारिश की संभावना है। अब तक मानसूनी बारिश सामान्य से 24% कम है। राजस्थान में मानसून पर ब्रेक लगने के बाद गर्मी बढ़ने लगी है। बीकानेर संभाग के तीन जिलों में रविवार को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया। राज्यभर में कहीं भी तेज बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए राज्य के 24 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है, जो अगले तीन दिनों तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी दी गई है।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में तेज बारिश के बाद अचानक आई फ्लैश फ्लड ने भारी तबाही मचा दी। साज इलाके में सड़क निर्माण कंपनी का क्रशर और हॉट मिक्स प्लांट बाढ़ की चपेट में आ गया। बाढ़ के तेज बहाव में ट्रक, डंपर, जेसीबी समेत कई मशीनें बह गईं। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, इस हादसे में कई करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। यूपी में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। सोमवार सुबह से पूरे प्रदेश में बादल छाए हैं। लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, अयोध्या समेत 10 शहरों में बारिश हो रही है। एमपी के लगभग 90% हिस्से में अगले 4 दिन यानी, 23 जुलाई तक हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। इस बीच 4 से 5 जिलों में भारी बारिश यानी, हेवी रेन हो सकती है। सोमवार को दमोह, मंडला और डिंडौरी में भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि भोपाल, इंदौर समेत 47 जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है।



### फ्लैश फ्लड की चेतावनी

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला समेत अन्य भागों में भी आज सुबह से ही मौसम खराब बना हुआ है। कई जगह बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग (क्टऊ) ने अगले 48 घंटों तक राज्य में बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी कर रखा है। इस दौरान निचले इलाकों में फ्लैश फ्लड की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने, गैर-जरूरी यात्राएं टालने और मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करने की अपील की है। इसी तरह, सरकार ने नदी से 500 मीटर और नालों से 200 मीटर दूर बने घरों को खाली करने को कहा है। आज चंबा, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, हमीरपुर, ऊना, शिमला, सोलन और कुल्लू में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

# अभिषेक बोले- बंगाल में पुलिस की वर्दी में चोरी हुई ऑफिस तोड़ा, बीजेपी के गुंडे सामान उठा ले गए

**कोलकाता हाईकोर्ट ने रोक लगाई**

**ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता**

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में पश्चिम बंगाल पुलिस खुद कानून तोड़ने वाली बन गई है। यह बयान उन्होंने दक्षिण 24 परगना के अमतला स्थित अपने ऑफिस को तोड़े जाने के एक दिन बाद दिया। शनिवार को जिला प्रशासन ने इमारत का अगला हिस्सा बुलडोजर से गिरा दिया था। आरोप था कि यह बिना मंजूरी के बना था। हालांकि रविवार को कोलकाता हाईकोर्ट ने इस तोड़-फोड़ पर रोक लगा दी है। साथ ही इसे अगली सुनवाई तक ज्यों का त्यों रखने का आदेश दिया है।

इससे पहले इमारत तोड़ने के बाद रात का एक वीडियो अभिषेक ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है।अभिषेक ने आरोप लगाया- बंगाल पुलिस बीजेपी के गुंडों के साथ मिलकर लैपटॉप, प्रिंटर, कागजात, टेबल, कुर्सियां ??और दूसरे फर्नीचर से भरे बक्से ले जा रही है। यह तोड़-फोड़ नहीं थी बल्कि यह वर्दी में चोरी थी। जिसे कानून का कोई सम्मान किए बिना और हाई कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के बावजूद अंजाम दिया गया। अमतला का पार्टी ऑफिस खरीदी गई जमीन पर सभी मंजूरियों के साथ कानूनी तरीके से बनाया गया था। इस मामले में टीएमसी कलकत्ता हाईकोर्ट जाएगी, जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट भी जाएगी। पार्टी ने उखकके डरऊको वीडियो भेजे हैं, जिनमें भाजपा कार्यकताओं पर तोड़फोड़ का आरोप है। वीडियो में दिख रहे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी, कोई नहीं बचेगा।

अगर भाजपा नेताओं को लगता है कि वे उन्हें बचा लेंगे, तो वे गलत हैं। कानून का हाथ बहुत लंबा है। चुनाव से पहले अन्नपूर्णा भंडार योजना थी, अब बुलडोजर मॉडल है। यही भाजपा का असली मॉडल है। प्रशासन के अनुसार, इस ऑफिस के खिलाफ अवैध निर्माण की शिकायतें मिली थीं।



### पंजाब- एक ही प्लॉट पर घर-दुकान और ऑफिस बना सकेंगे

**जालंधर।** पंजाब में अब एक ही बड़े प्लॉट पर घर और कारोबार साथ-साथ चलाना आसान होगा। चुनाव से पहले राज्य सरकार ने 'पंजाब अर्बन प्लानिंग एंड डेवलपमेंट बिल्डिंग (संशोधन) रूल्स, 2026' को मंजूरी दे दी है। नए नियमों के तहत पहली बार मिक्स-यूज प्रोजेक्ट्स को कानूनी मान्यता दी गई है, यानी एक ही परिसर में रिहायशी और व्यावसायिक गतिविधियां की जा सकेंगी। इसके साथ ही 21 मीटर (करीब 6-7 मंजिल) तक की इमारतों के नक्शे और कंप्लीशन सर्टिफिकेट के लिए अब लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसके लिए सेल्फ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था 15 जुलाई से लागू की गई। विभाग से अधिकृत (एम्पैनल) आर्किटेक्ट ही इनकी मंजूरी दे सकेंगे और 7 दिन के भीतर कोई आपत्ति नहीं आने पर नक्शा स्वतः पास माना जाएगा।

### 30 साल बाद घर लौटेगा जवान का शव:माउंट एवरेस्ट पर तूफान में फंसे थे लद्दाख के दोरजे

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

माउंट एवरेस्ट की बर्फीली चोटियों पर 26,247 फीट ऊंचे 'डेथ जोन' में पिछले 30 सालों से एक पर्वतारोही का शरीर बर्फ में जमा है। पैरों में हरे जूते होने के कारण दुनिया उसे 'ग्रीन बूट्स' के नाम से जानती रही। सालों तक इसे आईटीबीपी के हेड कांस्टेबल शेवांग पाल्जोर का शव माना गया, लेकिन हाल में हुए डीएनए टेस्ट से पुष्टि हुई कि यह लांस नायक दोरजे मोरुप का पार्थिव शरीर है। अब 30 साल इंतजार के बाद इस साल अक्टूबर तक लद्दाख में दोरजे के परिवार को उनका शव सौंपा जाएगा। दोरजे मोरुप, शेवांग पाल्जोर और सूबेदार शेवांग समनला 1996 में तिब्बत के उत्तरी मार्ग से एवरेस्ट फतह करने निकली पहली भारतीय तीन सदस्यीय टीम का हिस्सा थे। 10 मई 1996 को शिखर के पास तीनों भीषण बर्फीले तूफान में फंस गए थे। यह अभियान बाद में '1996 माउंट एवरेस्ट डिजास्टर' के नाम से जाना गया, जिसमें उस सीजन में 12 पर्वतारोहियों की मौत हुई थी।

# मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, 40 पार्टियां शामिल हुईं, चर्चा के लिए 4 घंटे तय

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को संसद भवन के एनेक्सी बिल्डिंग में सर्वदलीय बैठक हुई। 3 घंटे चली मीटिंग की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। मीटिंग में कांग्रेस, सपा, टीएमसी, उद्धङ सहित 40 दलों के 58 नेता शामिल हुए। हालांकि बैठक के बीच विपक्ष ने सांकेतिक वॉकआउट किया।

विपक्ष इस बात से नाराज था कि सरकार ने ळटउ के बागी 20 सांसदों के गुट को बैठक में क्यों बुलाया, जबकि स्पीकर ओम बिरला ने उनके गुट को अभी तक मान्यता नहीं दी है।

ऑल पार्टी मीटिंग के बाद लोकसभा बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग हुई। इसमें बिलों पर चर्चा के लिए समय तय किया गया। किरेन रिजिजू ने बताया कि इअउ की बैठक के मुताबिक ऋछफअ संशोधन बिल पर 4 घंटे चर्चा होगी।



इसके अलावा आयकर संशोधन बिल के लिए 4 घंटे, जजों की संख्या से जुड़े बिल के लिए 4 घंटे, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन बिल के लिए 4 घंटे, वंदेमातरम से जुड़े बिल के लिए 4 घंटे और टरटए बिल पर चर्चा के लिए 5 घंटे तय किए गए हैं। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सोमवार को अमित शाह राज्यसभा में वंदे मातरम से जुड़ा बिल पेश करेंगे। साथ ही राज्यसभा की बिजनेस एडवाइज़री कमेटी की बैठक कल दोपहर 1 बजे होगी। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, वामपंथी दलों और शिवसेना (यूबीटी) समेत पूरे विपक्ष ने सर्वदलीय बैठक का वॉकआउट किया है।

# नरसिंहपुर में हाईवा ने 6 दोस्तों को कुचला, सभी की मौत

## हाथीनाला वॉटरफॉल पिकनिक मनाने आए थे;

**ब्रह्मास्त्र ›› नरसिंहपुर**

मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में रविवार शाम जबलपुर-भोपाल नेशनल हाईवे-45 पर तेज रफ्तार हाईवा ने 6 दोस्तों को कुचल दिया। हादसे में 4 दोस्तों की मौत हो गई थी, जबकि 2 की हालत गंभीर थी। आज सोमवार को दोनों घायल की मौत हो गई। सभी दोस्त नरसिंहपुर-जबलपुर सीमा पर स्थित हाथीनाला वॉटरफॉल घूमने आए थे। लौटते समय इंदिरा नगर के पास हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में जबलपुर के पावला निवासी राजेंद्र पटेल, वीरेंद्र लोधी (20), रामपाल सिंह लोधी (21) और बरबटी निवासी जयपाल सिंह लोधी (30) शामिल हैं। वहीं आज आकाश सिंह लोधी (24) और नीरज सिंह लोधी (25) की भी मौत हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सभी दोस्त हाथीनाला वॉटरफॉल में पिकनिक मनाकर लौट रहे थे। शाम करीब 5 से 6 बजे इंदिरा नगर के पास हाईवे किनारे रुककर सेल्फी लेने लगे। तभी तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में 6 युवक उसकी चपेट में आ गए। राजेंद्र पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद सभी को जबलपुर रेफर किया गया। इनमें से तीन युवकों ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शी अरविंद पटेल ने बताया कि घटना के वक्त वह दुकान के अंदर थे। तेज रफ्तार वाहन कुछ ही सेकेंड में सड़क किनारे खड़े युवकों को टक्कर मारकर निकल गया। हादसे के समय काफी भीड़ थी।



### सड़क किनारे फोटो खिंचवा रहे थे सभी दोस्त

स्थानीय दुकानदार दीपक पटेल ने बताया कि हादसे के 10-15 मिनट बाद वह मौके पर पहुंचे। युवक हाथीनाला वॉटरफॉल पर पिकनिक मनाकर लौटे थे। उनकी स्कॉर्पियो दुकान के पास खड़ी थी। वे सड़क से करीब दो फीट की दूरी पर खड़े थे। सड़क किनारे फोटो खिंचवा रहे थे, लेकिन हाईवा ने रौंद दिया। अरढ संदीप भूरिया ने बताया कि शुरूआती जांच में सामने आया है कि टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वाहन कौन-सा था। सुआतला थाना पुलिस घटनास्थल और आसपास के उउळश फुटेज खंगाल रही है।

■ वर्ष-12 अंक-257 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 20 जुलाई, 2026

## सुभाषितानि

आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।
आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि॥

**भावार्थ** : विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए। धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए। किन्तु अपनी रक्षा का प्रसन सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए।

माता यस्य गृहे नास्ति भार्या चाप्रियवादिनी।
अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम्॥

**भावार्थ** : जिसके घर में न माता हो और न स्त्री प्रियवादिनी हो, उसे वन में चले जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए घर और वन दोनों समान ही हैं।

## सम्पादकीयम्

### दमिताः सन्ति तथापि इस्लामिककट्टरपक्षिणां

दमिताः सन्ति तथापि इस्लामिककट्टरपक्षिणां विरुद्धं प्रतिरोधस्य स्फुलिङ्गः निरन्तरं धूमपानं कुर्वन् अस्ति। सम्प्रति इरान्-देशेन सह संघर्षे उलझितः अमेरिकादेशः अपि प्रचलितस्थितेः कारणमेव अस्ति। १९७९ तमे वर्षे इस्लामिकगणराज्यस्य मार्गं प्रशस्तं कृत्वा १९७९ तमे वर्षे क्रान्तिस्य चालकशक्तिः सी.आय.ए. अमेरिकीगुप्तचरसंस्थायाः शाहस्य स्थापनायै इराणस्य लोकतान्त्रिकसर्वकारस्य विरुद्धं तख्तापलटस्य आयोजनं कृतम्-एषः नेता यस्य जनसमूहः अन्ततः अङ्गीकृतवान् आसीत् लेखकाः कथयन्ति यत् १९७९ तमे वर्षे क्रान्तिकाले एकः व्यापकः गठबन्धनः आसीत्-इस्लामिकविद्वांसः, वामपक्षिणः, छात्राः, राष्ट्रवादिनः, धर्मनिरपेक्षबुद्धिजीविनः च ते सर्वे उत्तमं भविष्यं कल्पयन्ति स्म, यत् लक्ष्यं शाहस्य सत्तानिष्कासनम् आवश्यकम् आसीत्। परन्तु क्रान्तिपश्चात् इरान्-देशे सत्ता इस्लामिक-धर्मगुरुणां विद्वांसस्य च हस्ते प्रविष्टा। लेखकाः वदन्ति यत् एतेन परिवर्तनेन क्रान्तिः अभवत्-प्रारम्भे अपार-आशाभिः, समानतायाः आकांक्षाभिः च प्रेरिता-माफिया-राज्यस्य जन्म अभवत् १९८० तमे दशके इराक-देशेन सह युद्धस्य कारणेन इरान्-देशे दमनं अधिकं तीव्रं जातम्। अष्टवर्षीयः अयं संघर्षः इस्लामिक क्रांतिकारीरक्षकदलस्य शक्तिं महत्त्वपूर्णतया वर्धितवान्।

केन्द्रं प्रति अन्ना हजारे इत्यस्याः कुण्ठितपरामर्शः

# सोनम वाङ्गचुकस्य माङ्गल्याः निर्णयं कुर्वन्तु; अनिश्चिततायां देशं न त्यजन्तु

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली



जलवायुकार्यकर्त्री शिक्षासुधारस्य अधिवक्ता च सोनम वाङ्गचुक इत्यस्य अनिश्चितकालं यावत् अनशनं कृत्वा राष्ट्रव्यापिरूपेण राजनैतिकसामाजिकक्रियाकलापः तीव्रताम् अवाप्तवान्। उपवासस्य एकविंशतितमे दिने सामाजिककार्यकर्ता अन्ना हजारे इत्यनेन केन्द्रसर्वकाराय आह्वानं कृतम् यत् सोनम वाङ्गचुकस्य सहनशक्तिः न परीक्षितव्या इति। सः निर्विवादरूपेण अवदत् यत् वाङ्गचुकस्य माङ्गल्याः विषये सर्वकारेण संवादः करणीयः, यदि माङ्गल्याः स्वीकारः कर्तुं न शक्यते तर्हि स्पष्टतया हाँ अथवा न इति वक्तव्यम् इति अन्ना हजारे इत्यस्याः वक्तव्यं तस्मिन् समये आगतं यदा दिल्लीपुलिसः स्वास्थ्यकारणानि उद्धृत्य वाङ्गचुकं सफदरजङ्ग-अस्पताले प्रवेशितवान् अस्ति-एतत् कदमः तस्य समर्थकाः बलात् निरोधस्य सदृशं इति वर्णितवन्तः।

सोनम वाङ्गचुक विगत २१ दिवसेभ्यः दिल्लीनगरस्य जन्तरमन्तरे अनिश्चितकालं यावत् अनशनं कृतवती अस्ति। तस्य प्राथमिकमाङ्गं राष्ट्रियपात्रता-सह-प्रवेशपरीक्षा पेपर लीककाण्डस्य विषये केन्द्रीयशिक्षामन्त्री धर्मेन्द्रप्रधानस्य राजीनामा अस्ति। वाङ्गचुक इत्यस्य मतं यत् देशस्य शिक्षाव्यवस्थायाः विश्वसनीयतां पुनः स्थापयितुं उत्तरदायित्वनिर्धारणं अत्यावश्यकम् अस्ति। तस्य आन्दोलनं विभिन्नेभ्यः छात्रसङ्गठनेभ्यः, सामाजिककार्यकर्तृभ्यः, नागरिकसमाजसमूहेभ्यः च समर्थनं प्राप्नोति।

शनिवासरे दिल्लीपुलिसः वाङ्गचुकं सफदरजङ्गचिकित्सालये नीतवान्। पुलिस कथयति यत् एषा कार्यवाही दिल्ली उच्चन्यायालयस्य निदेशानुसारं कृता, यया वाङ्गचुकस्य स्वास्थ्यस्य नियमितनिरीक्षणस्य आदेशः दत्तः आसीत्। पुलिसस्य मते सः चिकित्साविशेषज्ञानाम् सल्लाहेन विस्तृतस्वास्थ्यपरीक्षां कृत्वा आवश्यकचिकित्सां प्राप्तुं चिकित्सालये निक्षिप्तः।

परन्तु वाङ्गचुक इत्यस्य समर्थकाः आन्दोलनेन सह सम्बद्धाः च पुलिसकार्याणि विषये गम्भीरान् प्रश्नान् उत्थापितवन्तः। आन्दोलनस्य प्रतिनिधिभिः आरोपः अस्ति यत् पुलिसकर्मचारिणः सादावस्त्रेण जन्तरमन्तरम् आगत्य चिकित्सादलस्य सदस्यत्वेन विरोधस्थले प्रविष्टाः। तदनन्तरं ते स्वयंसेवकान् निष्कास्य वाङ्गचुकं चिकित्सालयं नेतुम् अस्थापयत्। समर्थकाः आरोपयन्ति यत् एषा समग्रप्रक्रिया तस्य सहमतिम् विना एव कृता, अतः सा बलात् कार्यरूपेण द्रष्टव्या।

आन्दोलनेन सह सम्बद्धस्य संस्थायाः प्रतिनिधिभिः दावितं यत् दिल्ली उच्चन्यायालयेन केवलं तस्य स्वास्थ्यस्य निरीक्षणार्थं निदेशाः निर्गताः, न तु कस्यापि प्रकारस्य बलात् चिकित्साहस्तक्षेपस्य अधिकृतता। तेषां मतं यत् वाङ्गचुक नियमितरूपेण चिकित्सापरीक्षां कुर्वन् आसीत्, तस्य स्वास्थ्यप्रतिवेदनानि सार्वजनिकरूपेण साझां क्रियन्ते स्म; एवं च पुलिसं तं चिकित्सालयं नेतुम् न्यायालयस्य आदेशस्य दुर्व्याख्यां भवति, न्यायालयस्य अवमानना च भवति। अस्मिन् विषये कानूनी विकल्पाः अपि विचार्यन्ते।

दिल्ली उच्चन्यायालयस्य

## पदस्थापिता जिला-सत्रन्यायाधीशः-तत्कालं प्रभावेण निलम्बितः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

दिल्लीन्यायपालिकायाः अन्तः महत्त्वपूर्णप्रशासनिकचरणेन दिल्ली उच्चन्यायालयेन वीणाराणी- दक्षिणपूर्वजिल्हे, साकेतन्यायालयेषु पदस्थापिता जिला-सत्रन्यायाधीशः-तत्कालं प्रभावेण निलम्बितः अस्ति। दिल्ली उच्चन्यायालयस्य मुख्यन्यायाधीशः डी.के. उपाध्याय। परन्तु उच्चन्यायालयेन अद्यापि सार्वजनिकरूपेण तेषां विशिष्टानि आधाराणि न प्रकटितानि येन जाँचः आरब्धः, निलम्बननिर्णयः च अभवत्; तस्याः विरुद्धं अनुशासनात्मकप्रक्रिया प्रस्ताविता इति केवलं स्पष्टीकृतम् अस्ति। सूत्रानुसारं २०२६ तमस्य वर्षस्य जुलै-मासस्य १० दिनाङ्के दिल्ली-उच्चन्यायालयस्य पूर्णन्यायालयस्य बैठक्यां एषः निर्णयः कृतः। अस्मिन् एव सत्रे अन्यस्य जिलान्यायाधीशस्य विनयसिंघलस्य निलम्बनस्य निर्णयः अपि कृतः अल्पकालान्तरे द्वयोः वरिष्ठन्यायिकपदाधिकारियोः विरुद्धं एषा कार्यवाही न्यायिकप्रशासने उत्तरदायित्वस्य पारदर्शितायाः च विषये महत्त्वपूर्णं पदानि इति दृश्यते। वीणा रानी दिल्ली उच्चन्यायसेवायाः वरिष्ठन्यायाधिकारिणी अस्ति। निलम्बनात् पूर्वं सा नवीदिल्लीनगरस्य साकेतन्यायालयसङ्कुलस्य अन्तः दक्षिणपूर्वजिल्लान्यायालये जिलान्यायाधीशरूपेण कार्यं कुर्वती आसीत्। सा वाणिज्यिकन्यायालयस्य अध्यक्षतां कुर्वती आसीत्, वाणिज्यिकविवादसम्बद्धप्रकरणानाम् श्रवणं च कुर्वती आसीत्। न्यायसेवायां विस्तृतं अनुभवं दृष्ट्वा सा वरिष्ठतमाधिकारिषु गण्यते। तस्याः निलम्बनस्य विषये औपचारिकघोषणा दिल्ली उच्चन्यायालयेन २०२६ तमस्य वर्षस्य जुलै-मासस्य १५ दिनाङ्के कृता। उच्चन्यायालयस्य महारजिस्ट्रार-अरुणभारद्वाजेन जारीकृते आधिकारिक-संकल्पे उक्तं यत् वीणा-रानी-विरुद्धं अनुशासनात्मक-कार्यवाही प्रस्ताविता अस्ति, फलतः तस्याः।

## जबलपुर ग्रामे दुष्टानां देवी नर्मदायाः मूर्तिं तोड़फोड़ं कृत्वा

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरस्य खमरियासमीपे स्थिते सुन्दरपुरग्रामे दुष्टाः देवी नर्मदायाः मूर्तिं तोड़फोड़ं कृतवन्तः। अद्य प्रातः १० वादनस्य समीपे यदा ग्रामजनाः प्रार्थनां कर्तुं आगतवन्तः तदा तेषां मूर्तिः क्षतिग्रस्तः इति ज्ञातम्। ग्रामेण विध्वंसस्य वार्ता द्रुतगत्या प्रसृता। शतशः जनाः शीघ्रमेव समागताः, विरोधप्रदर्शनं कृत्वा नारान् उत्थापयन्ति स्म। एतत् वार्ता प्राप्य तत्क्षणमेव पुलिसाधिकारिणः घटनास्थले आगत्य अन्वेषणानन्तरं अपराधिनां विरुद्धं कठोरकार्यवाही भविष्यति इति आश्वासनं दत्तवन्तः। ग्रामजनाः सामूहिकरूपेण सुन्दरपुरे नदीतीरे नर्मदादेव्याः मूर्तिं २०१६ तमे वर्षे एव स्थापितवन्तः आसन्।

## राशिफल

**मेष** : धन लाभ हो सकता है, लेकिन खर्चों पर कटौती करना अच्छा रहेगा। ऑफिस में कुछ कलीग मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं।

**वृषभ** : खर्च की अधिकता मन को परेशान कर सकती है। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। व्यापार में विस्तार संभव है।

**मिथुन** : बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी में तरक्की के साथ विदेश जा सकते हैं।

**कर्क** : शैक्षिक कार्यों में सफल होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। संपत्ति में वृद्धि होगी। मित्र से धन मिल सकता है।

**सिंह** : कारोबार के लिए माता-पिता से धन मिल सकता है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** : दोस्तों के साथ एक अच्छी शाम बिताने का मौका मिलेगा। व्यावसायिक रूप से आप अच्छे रहने वाले हैं।

**तुला** : आर्थिक रूप से दिन उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। लव लाइफ में मनमुटाव के संकेत हैं।

**वृश्चिक** : आज आपको किसी करीबी से आर्थिक मदद मांगने की जरूरत पड़ सकती है। विवादित मामलों से दूरी बनाए रखें।

**धनु** : किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात संभव है। अपनों का साथ मिलेगा। आर्थिक परेशानी से बाहर निकल सकते हैं।

**मकर** : आज आपकी सेहत के साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो सकती है। घरेलू जीवन शांतिपूर्ण रहेगा।

**कुंभ** : इस समय किए गए निवेश का भविष्य में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आर्थिक रूप से स्थिति सामान्य रहेगी।

**मीन** : जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। परिवार में खुशियों का आगमन होगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# देवशयनी एकादशी पर इन 4 राशिवालों को मिलगी विशेष कृपा, घर आएगी सुख-समृद्धि

इस बार देवशयनी एकादशी कुछ खास राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ संकेत लेकर आई है। इन राशियों के जीवन में सुख, समृद्धि और वैवाहिक जीवन में सुधार देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को इस एकादशी का विशेष लाभ मिलने वाला है।

देवशयनी एकादशी का व्रत इस वर्ष 25 जुलाई, शनिवार को रखा जाएगा। इसी दिन से भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योगनिद्रा में प्रविष्ट होते हैं, जिसे चातुर्मास की शुरूआत भी माना जाता है। हालांकि इस अवधि में भी उनकी पूजा-अर्चना और व्रत का महत्व कम नहीं होता। ज्योतिष के अनुसार, इस बार देवशयनी एकादशी कुछ खास राशियों के लिए विशेष रूप से शुभ संकेत लेकर आई है। इन राशियों के जीवन में सुख, समृद्धि और वैवाहिक जीवन में सुधार देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को इस एकादशी का विशेष लाभ मिलने वाला है।



**मेषः** मेष राशि के जातकों के लिए यह दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा। भगवान विष्णु की कृपा से आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं। निवेश से लाभ मिलने की संभावना है, लेकिन किसी भी निर्णय से पहले सोच-समझकर कदम उठाएं। करियर में उन्नति के संकेत हैं और आप नई उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। हालांकि, अति आत्मविश्वास से बचना जरूरी है, वरना काम प्रभावित हो सकता है। वैवाहिक जीवन में खुशियां बढ़ेंगी और जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। इस दिन नीले रंग का प्रयोग शुभ रहेगा।

**वृषभः** वृषभ राशि के लिए देवशयनी एकादशी करियर में सफलता का संकेत दे रही है। आपके प्रयासों को सराहना मिलेगी और कार्यक्षेत्र में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। विष्णु भगवान और माता लक्ष्मी की कृपा से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पुराने निवेश से अचानक लाभ मिलने के योग हैं, जिससे आपकी बचत बढ़ सकती है। यह दिन आपको आगे बढ़ने के कई अवसर देगा। रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को विशेष पहचान मिल सकती है। इस दिन लाल रंग का उपयोग आपके लिए लाभकारी रहेगा।

**कन्याः** कन्या राशि के लोगों के लिए यह एकादशी आर्थिक दृष्टि से अनुकूल साबित हो सकती है। माता लक्ष्मी की कृपा से आपकी वित्तीय स्थिति में सुधार आएगा। यदि आप किसी नए कार्य की शुरूआत करना चाहते हैं, तो समय आपके पक्ष में है और सफलता मिलने की पूरी संभावना है। करियर में आगे बढ़ने के रास्ते आसान होंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और पारिवारिक माहौल सुखद बना रहेगा। दोस्तों और करीबियों का सहयोग मिलेगा, साथ ही किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। इस दिन सफेद रंग पहनना शुभ रहेगा।

**तुलाः** तुला राशि के जातकों के लिए यह दिन उपलब्धियों से भरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। प्रेम संबंध और वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। कोई नई उपलब्धि या खुशखबरी मिल सकती है। आपका सामाजिक दायरा मजबूत होगा, जो भविष्य में फायदेमंद साबित होगा। मानसिक शांति बनाए रखना जरूरी है, इसलिए तनाव से दूरी बनाकर रखें। इस दिन नेवी ब्लू रंग आपके लिए शुभ माना गया है।

फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराया, फेरन टोरेस ने एक्स्ट्रा टाइम में गोल दागा

# स्पेन ने 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप जीता

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क

स्पेन ने 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। टीम ने न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 2022 की चैंपियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराया। स्पेन के लिए एक्स्ट्रा टाइम में फेरन टोरेस ने गोल किया। इसी के साथ स्पेन ने 2010 के बाद दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की। तब टीम ने नीदरलैंड को 1-0 से हराया था।

**मार्टिनेज ने 100 मिनट तक अकेले लड़ाई लड़ी-** अगर यह मुकाबला 90 मिनट तक बराबरी पर रहा तो इसकी सबसे बड़ी वजह अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज थे। स्पेन पूरे मैच में लगातार अटैक करता रहा। कभी लामिन यमाल ने बॉक्स के बाहर से शॉट लगाया, कभी ओयारजाबाल ने मौका बनाया तो कभी पेड्री और निको विलियम्स गोल के करीब पहुंचे। हर बार मार्टिनेज ने खुद को गेंद और गोलपोस्ट के बीच खड़ा कर दिया।

कई बार ऐसा लगा कि स्पेन अब गोल कर देगा, लेकिन हर बार मार्टिनेज ने उसे रोक दिया। लेकिन फुटबॉल में लगातार दबाव आखिरकार असर दिखाता है। 106वें मिनट में निको विलियम्स का हेडर फेरन टोरेस तक पहुंचा और इस बार मार्टिनेज भी कुछ नहीं कर सके।



### एंजो का रेड कार्ड... और यहीं पलट गया फाइनल

- 90 मिनट तक अर्जेंटीना किसी तरह मुकाबले में बनी रही। टीम का पूरा भरोसा पेनल्टी शूटआउट पर था, लेकिन इंजरी टाइम में एंजो फर्नांडीज ने ऐसी गलती कर दी, जिसने पूरी बाजी बदल दी।
- पाउ क्यूबार्सी पर टैकल के बाद रेफरी ने एंजो को दूसरा यलो कार्ड दिखाया और फिर रेड कार्ड। अर्जेंटीना 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई। इसके बाद स्पेन ने गेंद पर और ज्यादा कब्जा जमा लिया।

### टोरेस ने इतिहास लिख दिया

103वें मिनट में निको विलियम्स ने ऐसा क्रॉस डाला, जिसे देखकर स्पेनिश फैंस जश्न मनाने को तैयार हो गए थे। मिकेल मेरिनो को लगभग खाली गोल मिला, लेकिन उनका हेडर बाहर चला गया। तीन मिनट बाद वही निको विलियम्स फिर बाएं फ्लैंक से पहुंचे। इस बार उन्होंने बैक पोस्ट पर हेडर से गेंद फेरन टोरेस के सामने गिराई। फेरन टोरेस ने बिना एक पल गंवाए दाएं पैर से ऐसा शॉट लगाया कि गेंद सीधे नेट में जा समाई।

### यमाल ने मेसी की चमक फीकी कर दी

यह फाइनल एक तरह से दो पीढ़ियों का मुकाबला भी था। एक तरफ 39 साल के लियोनेल मेसी थे, दूसरी ओर 20 साल के लामिन यमाल। मेसी से उम्मीद थी कि वे एक बार फिर बड़े मैच में कमाल कर दिखाएंगे, लेकिन स्पेन की मिडफील्ड और डिफेंस ने उन्हें कभी खुलकर खेलने का मौका ही नहीं दिया। दूसरी ओर यमाल लगातार अर्जेंटीना के डिफेंस पर हमला करते रहे।

### स्पेन की पहचान फिर बनी बॉल पजेशन

स्पेन की पहचान हमेशा से गेंद पर नियंत्रण रखने वाली टीम की रही है। इस फाइनल में भी वही अंदाज दिखा। रोड्री ने मिडफील्ड में पूरे मैच की रफ्तार तय की। अर्जेंटीना को काउंटर अटैक का मौका ही नहीं मिला। स्पेन ने करीब 65% समय गेंद अपने पास रखी। रेफरी की अंतिम सीटी बजते ही स्पेनिश खिलाड़ी मैदान पर दौड़ पड़े। कोई घुटनों के बल बैठ गया, कोई आसमान की ओर देखने लगा, तो कोई अपने साथी खिलाड़ियों से लिपट गया। 16 साल का इंतजार खत्म हो चुका था। दूसरी ओर अर्जेंटीना के खिलाड़ियों की निराशा साफ दिखाई दे रही थी। कुछ देर बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच नोकझोंक भी हुई, लेकिन मामला जल्द शांत हो गया।

## रोहित शर्मा के शतक के बावजूद हारा भारत

ब्रह्मास्त्र ›› लॉर्ड्स

इंग्लैंड ने तीसरे वनडे में भारत को 27 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। लॉर्ड्स में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 387/3 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 50 ओवर में 360 रन ही बना सकी। रोहित शर्मा ने 138 रन की पारी खेली, लेकिन जीत नहीं दिला सके। इंग्लैंड की जीत के हीरो जैकब बेथेल रहे। उन्होंने 91 रन बनाए और 1 विकेट भी लिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत ने पहला मैच 6 विकेट से जीता था। वहीं, दूसरा मुकाबला इंग्लैंड ने 4 विकेट से अपने नाम किया था। इससे पहले इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में भी भारत को 4-0 से हराया था। इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड ने भी भारत को टी-20 सीरीज में 2-0 से हराया था। 388 रन का पीछा करते हुए भारत के लिए रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 147 रन जोड़े। गिल 78 गेंदों में 77 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रोहित ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की।

## पीवी सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय बनीं



### 2 साल बाद कोई टाइटल जीता, यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया

ब्रह्मास्त्र ›› टोक्यो

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने जापान ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट जीत लिया है। वे यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनी हैं।

31 साल की सिंधु ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में जापान की अकाने यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया। यह मैच 50 मिनट तक चला। सिंधु 4 साल बाद यामागुची को किसी फुल मैच में हरा सकी हैं। उन्हें पिछली जीत थाईलैंड ओपन में 2022 में मिली थी। पिछले साल मलेशिया ओपन में यामागुची रिटायर हर्ट हो गई थीं। सिंधु ने 2 साल बाद कोई खिताब जीता है। उन्होंने 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीता था। वे 2022 में सिंगापुर ओपन सुपर 500 में चैंपियन बनी थीं। यह सिंधु के करियर का पहला सुपर-750 खिताब है। 2019 वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने के बाद यह उनका सबसे बड़ा इंटरनेशनल खिताब है। सेमीफाइनल में चीन की चेन यू फेई हैम्स्ट्रिंग चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गईं। उस समय सिंधु 21-19, 15-10 से आगे थीं। इससे पहले सिंधु ने जापान की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोजोमी ओकुहारा चोट के कारण नहीं उतरीं, जिससे सिंधु को वॉकओवर मिला।

## खबर एक नजर...

### जहरीला पदार्थ खाने वाले सिक्युरिटी गार्ड की मौत

**उज्जैन।** खाराकुआ थाना क्षेत्र के खुदीराम बोस मार्ग व्यायामशाला की गली में रहने वाले बबलू पिता सीताराम भाले 57 साल ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसका उपचार कुछ दिन आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में चला, जहां से परिजन उसे चरक अस्पताल ले आये थे। जहां उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह खाराकुआ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि सिक्युरिटी गार्ड का काम करते थे। काफी समय से बीमार चल रहे थे उनका उपचार भी कराया जा रहा था, लेकिन डिप्रेशन में चले गये थे। संभवतः इसी के चलते उन्होने जहरीला पदार्थ खा लिया था। खाराकुआ थाना प्रधान आरक्षक मुकेश के अनुसार मामले में जांच जारी है। परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

### खेत से गाय लेकर निकलने पर भिड़े 2 परिवार

**उज्जैन।** बिरलाग्राम के ग्राम नायन में राजपालसिंह पिता खुमानसिंह नरूका 42 साल और रामचंद्र उर्फ फूंदासिंह पिता मनोहरसिंह नरूका 50 साल का खेत पास-पास है। दोनों एक ही परिवार से जुड़े है। राजपाल सुबह के समय अपनी गायों को लेकर खेत की ओर जा रहा था। इस दौरान गाय रामचंद्र के खेत में चली गई। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ और लाठियां चल गई। विवाद में राजपालसिंह घायल हो गया। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो दोनों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों ओर से प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर बैठे ग्रामीण को कट्टे से उड़ाने की धमकी

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम बगौदा में रहने वाला रमेन्द्र पिता बिहारीसिंह चांदना 47 साल रात में घर के बाहर बैठा था, उसी दौरान गांव में रहने वाला सीताराम पिता नारायण गुर्जर और जगदीश पिता विजयसिंह पटेल आये, दोनों घर के बाहर बैठने पर थप्पड-मुक्कों से मारपीट करते हुये कट्टे से उड़ाने की धमकी दी। शोर सुनकर परिवार और आसपास के लोग घरों से निकले तो दोनों भाग निकले। तराना थाना पुलिस ने बताया कि रमेन्द्रसिंह चांदना की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सीताराम बदमाश प्रवृति का है। दोनों की तलाश जारी है।

### जीरो पाइंट ब्रिज पर पलटी कार, 2 युवक घायल

**उज्जैन।** जीरो पाइंट ब्रिज पर शनिवार-रविवार रात गाय को बचाने में कार चालक का संतुलन बिगड़ गया और पाल से टकराने के बाद कार पलटी खा कर ब्रिज से नीचे गिर गई। कार में ऋषि पिता प्रवीण दीक्षित निवासी तिरूपति एवेन्यू और उसका दोस्त श्याम पिता नवीन वशिष्ठ सवार थे। दोनों को मामूली चोंट आई थी। घटनाक्रम के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। इस दौरान ऋषि ने बताया कि वह देवासरोड स्थित बहन के घर से बर्थडे मनाकर लौट रहे थे। उन्होने लिखित शिकायत पुलिस को दर्ज कराई है।

### गरोठ ब्रिज के नीचे कार-बाइक भिड़ंत में 2 घायल

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के गरोठ ब्रिज के नीचे कानीपुरा-तराना मार्ग पर शनिवार-रविवार देर रात कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। बाइक पर राजेन्द्र पिता प्रतापसिंह उमठ और इंदरसिंह पिता रतन मेवाड़ा निवसी शाजापुर घायल हो गये। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। दोनों घायलों को पुलिस की डायल 112 ने अस्पताल पहुंचाया। घायलों ने बताया कि वह वर्तमान में कानीपुरा क्षेत्र में निवास कर रहे है। रात में शाजापुर से लौटते समय कार ने टक्कर मारी। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजेन्द्र को ज्यादा चोंट आने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है।

### एमआर-5 मार्ग पर तलवार लेकर घूम रहा था बदमाश

**उज्जैन।** सर्कल भ्रमण पर चिमनगंज थाना एसआई जयदीप राठौर को खबर मिली कि एमआर-5 मार्ग हरिओम तोलकांटा के पास एक बदमाश तलवार लेकर घूम रहा है। जिसके चलते लोगों में दहशत फैल रही है। एसआई राठौर टीम के साथ हरिओम तोलकांटा पहुंचे और बदमाश की घेराबंदी की। उसे हिरासत में लेकर तलवार बरामद की गई। आरोपी प्रताप के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। तलवार के साथ दूसरा आरोपी महिदपुर थाना पुलिस की हिरासत में आया। एसआई महेशसिंह चौहान ने बताया कि तलवार के साथ पकड़ाया आरोपी ग्राम बीनपुरा भैरू महाराज मंदिर के पास लोगों को डरा-धमका रहा था।

### चालक पर लापरवाही का केस

**उज्जैन।** ग्राम पाट उज्जैन-आगररोड बस स्टेंड माकडोन में 7 जुलाई को सड़क दुर्घटना में पैदल जा रहे गोपाल पिता कालू 25 साल ग्राम गउखेड़ी आगर की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 11 दिन बाद मामले में दुर्घटना कार से होना सामने आने पर पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। कार का नम्बर ट्रेस कर लिया गया है। जिसके आधार पर चालक की गिरफ्तारी की जायेगी।

### चाकूबाजी में युवक घायल

**उज्जैन।** रविवार रात सोलह सागर के पास हुई चाकूबाजी में अयान पिता इकबाल निवासी 19 साल निवासी हेलावड़ी घायल हो गया। उसे साथी उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल से ड्युटी कंपाउंटर द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

5 6 7

---


#### नीलगंगा चौराहा पर खून-खराबे के 5 आरोपी हिरासत में

# 2 भाईयों की हत्या में शामिल बदमाश को मारी गोली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शनिवार-रविवार रात गोरकर परिवार और पासी समुदाय के बीच खून खराबे में 2 सगे भाईयों की मौत हो गई। एक भाई को गोली लगी थी, दूसरे पर तलवार-चाकू से वार किये गये थे। हत्या में शामिल एक बदमाश की रविवार को घेराबंदी की गई, बदमाश ने एसआई से पिस्टल छीनने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसके पैर में गोली मार दी। अब तक पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जिसमें एक महिला शामिल है।

नीलगंगा चौराहा पर कुछ माह से चली आ रही रंजीश में गोरकर परिवार और पासी समुदाय के बदमाशों का आमना-सामना हो गया। पासी समुदाय के 20 से 25 बदमाशों ने तलवार-चाकू, देशी कट्टे से गोरकर परिवार के 2 सगे भाईयों लाकेश पिता स्व. प्रदीप गोरकर 32 साल और जय उर्फ जितेश गोरकर 29 साल पर जानलेवा हमला कर दिया। दोनों भाईयों पर हमला होता देख चाचा दिलीप उर्फ दिल्लू पहलवान और उनका पुत्र तपन बीच-बचाव करने पहुंचे तो हमलावरों ने उन पर भी तलवार चाकू से हमला किया। हमलावरों ने ताबाड़तोड़ गोलियां चलाकर पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी थी। गोरकर परिवार के चारों घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया। लोकेश को सीने में गोली लगी थी, जिसकी मौत होना



सामने आया। भाई जितेश उर्फ जय, दिलीप उर्फ दिल्लू पहलवान और उनके पुत्र तपन को भर्ती किया गया। रविवार तड़के खबर आई कि जितेश उर्फ जय की मौत हो गई। दोहरा हत्याकांड की खबर लगते ही पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गये। मामले की गंभीरता को देखते हुये तीन से चार थानों का बल तैनात किया गया। यहीं नहीं नीलगंगा चौराहा क्षेत्र में भी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। दोनों भाईयों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों ने दोनों की अंतिम यात्रा साथ निकाली, जिसमें सैकड़ो की संख्या में रिश्तेदारों, परिचितों के साथ भाजपा-कांग्रेस से जुड़े सदस्य शामिल हुये। घटना में घायल दिलीप उर्फ दिल्लू पहलवान भाजपा की राजनीति से जुड़े है और धार्मिक प्रवृति के है।



### बदमाश नरेश को पुलिस ने मारी गोली

रात में सामने आये घटनाक्रम के बाद पुलिस की अलग-अलग टीमों ने हत्या में शामिल पासी समुदाय के आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिये थे। सुबह होने से पहले 4 आरोपियों को हिरासत में ले लिये गया। जिसमें एक महिला शामिल है। उनसे पूछताछ में पता चला कि हत्या में शामिल एक साथी लालपुल के समीप छुपा हुआ है। नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील, एसआई यादवेन्द्रसिंह परिहार, प्रधान आरक्षक कमल पटेल, पुष्पराज घेराबंदी करने पहुंचे। बदमाश नरेश पासी ने एसआई से पिस्टल छीनने का प्रयास किया, जिसके चलते झूमाझटकी हुई। बदमाश ने भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने उसके पैर पर गोली मारकर शार्ट एनकाउंटर कर हिरासत में ले लिया। जिसका अभिरक्षा में उपचार कराया जा रहा है।

### महिला को लेकर चल रहा था विवाद

एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर ने बताया कि गोरकर परिवार और पासी समुदाय के बीच महिला को लेकर विवाद चला आ रहा था। 2 माह पहले भी विवाद की स्थिति बनी थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने पासी समुदाय के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। उसी रंजीश में रात को पासी समुदाय के लोग नशे की हालत में गोरकर परिवार के दरबार फूड्स कैफे एंड रेस्टोरेंट पहुंचे थे और हमला किया था।

### 8 के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मामले में घायल तपन गोरकर की शिकायत पर रोशन पासी, राकेश पासी, नरेश पासी, सन्नी, संजय, रोहित, दुर्गेश और मंजू उर्फ मीना पर नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है। महिला सहित पांच आरोपी हिरासत में है। जिसमें एक को शार्ट एनकाउंटर में पकड़ा गया है। घटना में शामिल अन्यों को सीसीटीवी कैमरों की मदद से चिन्हित किया जा रहा है।

---

## श्रद्धालुओं को डूबता देख जवानों ने लगाई छलांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षिप्रा में 2 श्रद्धालुओं को डूबता देख होमगार्ड जवानों ने नदी में छलांग लगाई और कुछ देर में दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों नहाते समय गहरे पानी में चले गये थे।

होमगार्ड/एसडीईआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष जाट ने बताया कि क्षिप्रा नदी के रामघाट स्थित आरती द्वार नहाते समय अचानक 2 श्रद्धालु गहरे पानी में चले गये थे। उन्हे डूबता देख घाट पर पेट्रोलिंग कर रहे एसडीआरएफ जवान राजेन्द्र रंगोटा और सैनिक विजय दायमा ने देखा तो बचाने के लिये नदी में छलांग लगा दी। दोनों श्रद्धालुओं को कुछ देर में सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पूछताछ करने पर प्रयागराज उत्तरप्रदेश के रहने वाले शिवा केसरी 19 साल और विकास केसरी साल सामने आये। दोनों ने बताया कि वह महाकाल दर्शन करने आये थे। क्षिप्रा में स्नान का महत्व होने पर आस्था की डूबकी लगाने पहुंचे थे। घाट पर पैर फिसलने की वजह से गहरे पानी में चले गये थे। कमांडेंट ने बताया कि धार्मिक नगरी में पवित्र क्षिप्रा नदी के घाटों पर 24 घंटे तीन



शिफ्टों में होमगार्ड और एसडीआरएफ जवानों की ड्युटी लगाई जा रही है। जवानों द्वारा कई श्रद्धालुओं का जीवन बचाया जा चुका है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये शिप्रा नदी में फ्लोटिंग बॉल एवं लाइफ बॉय के माध्यम से सुरक्षा बैरिकेडिंग की गई है। उन्होने श्रद्धालुओं से अपील करते हुये कहा कि श्रद्धालु अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। शिप्रा नदी में केवल निर्धारित और सुरक्षित स्थान पर ही स्नान करें, गहरे पानी में जाने का प्रयास न करें तथा सुरक्षा कर्मियों द्वारा दिए गए निदेशों का पालन करें।

## हिरासत में सास-पत्नी पर गोली चलाने वाला दामाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सास और पत्नी पर गोली चलाने वाले दामाद को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उससे पिस्टल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम गोगाखेड़ी में रहने वाली सीमा खारोल का कुछ साल पहले गुजरात के बलसाड़ स्थित वेस्ट रेलवे यार्ड में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता धारासिंह गेहलोद से विवाह हुआ था। शादी के बाद दोनों के बीच पारिवारिक विवाद होने लगा। 4 साल पहले पत्नी सीमा मायके आ गई और पति के खिलाफ तलाक का केस दायर कर दिया। शनिवार को धर्मेन्द्र गोगाखेडी



आया और पत्नी पर साथ चलने का दबाव बनाने लगा। पत्नी ने मना किया तो पिस्टल तान दी। सीमा से विवाद होता देख मां बसंताबाई बीच-बचाव करने आई तो दामाद धर्मेन्द्र ने उल्टी पिस्टल से सिर पर हमला किया। धर्मेन्द्र को विवाद करता देख दोनों मां-बेटी ने उसे घर में धक्का देकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। धर्मेन्द्र ने खिड़की में से पत्नी और सास पर 2 फायर किये। दोनों बच गई उन्होने पुलिस को सूचना देने का प्रयास किया तो धर्मेन्द्र खिड़की से कूदकर भाग निकला। गोली चलाने की खबर मिलने पर पुलिस गोगाखेड़ी पहुंची और धर्मेन्द्र की तलाश शुरू की। उसके खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी सुरेन्द्र गरवाल ने बताया कि आरोपी की तलाश में एसआई दिग्विजयसिंह आंजना, एएसआई वीपीसिंह परिहार, आरक्षक नारायणसिंह कुशवाह, शुभकरणसिंह भदौरिया, मोहरसिंह, अनारसिंह की टीम गठित की गई। पता चला कि पत्नी और सास पर जानलेवा हमले का प्रयास करने वाला गांव से भागने की फिराक में रावतखेड़ी फंटा (तारोट रोड) के पास खड़ा होकर वाहन का इंतजार कर रहा है। पुलिस की टीम तत्काल घेराबंदी के लिये पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उससे पिस्टल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

# दुर्लभ संयोग : 7 साल बाद सावन की तीसरी सवारी और नागपंचमी एकसाथ

### नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट खुलेंगे, दुर्लभ संयोग में 8-10 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में इस बार सावन में दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है। 17 अगस्त को सावन की तीसरी सवारी और नागपंचमी एक ही दिन पड़ रही है। इसी दिन साल में सिर्फ एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट भी श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। दोनों बड़े आयोजन एक साथ होने से महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन विशेष तैयारियों में जुट गया है।

करीब सात साल बाद फिर ऐसा संयोग बन रहा है, जब सावन की तीसरी सवारी और नागपंचमी एक ही दिन होगी। इससे पहले 2019 में भी ऐसा ही संयोग बना था। उस समय भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकाल की सवारी और नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे थे। महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट साल में केवल एक बार नागपंचमी पर 24 घंटे के लिए खोले जाते हैं। इस दौरान देश-विदेश से लाखों



#### बैठक कर बनाई जाएगी विशेष व्यवस्था

महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि तीसरी सवारी और नागपंचमी एक ही दिन होने के कारण दर्शन और भीड़ प्रबंधन के लिए अलग से बैठक बुलाई जाएगी। बैठक में पुलिस, प्रशासन, मंदिर समिति के अधिकारी और सदस्य शामिल होंगे। श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष योजना बनाई जाएगी।

#### नागचंद्रेश्वर की प्रतिमा है दुर्लभ

सावन शुक्ल पक्ष की पंचमी को नागपंचमी का पर्व मनाया जाता है। इसी दिन नागचंद्रेश्वर मंदिर के दर्शन का अवसर मिलता है। मंदिर में स्थापित प्रतिमा 11वीं शताब्दी की मानी जाती है। इसमें फन फैलाए नाग पर भगवान शिव और माता पार्वती विराजमान हैं। यह प्रतिमा अपनी तरह की दुर्लभ मानी जाती है और वर्षभर में केवल एक दिन ही श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए उपलब्ध रहती है।

श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसी दिन सावन के तीसरे सोमवार की महाकाल की शाही सवारी भी निकलेगी, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है।

### गुप्त नवरात्रि में सजा माता का आंगन, देशभर से आ रहे भक्त



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गुप्त नवरात्रि में देवी आराधना का दौर जारी है। 51 शक्तिपीठों में एक माता हरसिद्धि की विशेष पूजा की जा रही है। सुबह-शाम महाआरती हो रही है। साथ ही शाम को दो दीप मलिकाएं सजाई जा रही हैं। आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। मंदिर परिसर को विद्युत रोशनी से सजाया गया है। पुजारी राजू गिरी गोस्वामी के अनुसार गुप्त नवरात्रि में माता की आराधना दर्शन पूजन का विशेष महत्व है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए माता मंदिर पहुंच रहे हैं। माता सिद्धि सम्राट विक्रमादित्य की आराध्य देवी मानी जाती है।

## मासूम की मौत के मामले में ठेकेदार पर केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन परिसर में रोपवे के लिये खोदे गये गड्ढे में गिरने से मजदूर परिवार के 4 वर्षीय पुत्र की मौत हो गई थी। एक माह की जांच के बाद जीआरपी ने मामले में ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जीआरपी ने बताया कि 17 जून को नाना सिंघाड़े निवासी धार का चार वर्षीय पुत्र अल्लू रेलवे परिसर में खोदे गये रोपवे के पानी से भरे गड्ढे में डूब गया था। मासूम पुत्र के लापता होने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की थी। जीआरपी के पहुंचने पर सामने आया था कि नाना सिंघाड़े का परिवार अहमदाबाद मजदूरी के लिये गया था और वापस लौटा था। उन्हे माड़व लौटना था लेकिन ट्रेन नहीं होने पर परिवार रेलवे परिसर माल गोदाम के पास रूक गया था और खाना बनाने की तैयारी कर रहा था। मासूम के लापता होने पर परिवार की महिलाओं को लगा था कि वह




नाना या पिता के साथ बाजार गया हो गया, लेकिन नाना और पिता के लौटने पर मासूम उनके साथ नहीं था। बालक की परिसर में तलाश शुरू की गई थी। कुछ देर बाद शंका होने पर पानी से भरे रोपवे के गड्ढे में तलाश की गई थी, जिसमें से मासूम का शव बरामद हुआ था। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। एक माह बाद मासूम की मौत के मामले में तथ्य सामने आये कि राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड के ठेकेदार पार्थ सारथी स्वेन निवासी ओडिशा के द्वारा गड्ढे की खोदाई करवाई थी और उसे लापरवाही पूर्वक खुला छोड़ दिया गया था। ठेकेदार की लापरवाही होने पर उसके खिलाफ धारा 106 (1), 290 बीएनएस केस दर्ज किया गया है।

---

#### निर्माणाधीन मल्टी में ठेकेदार से मांगा हफ्ता

# पथराव कर कांच फोड़ने वालों का निकाला जुलूस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री आवास योजना में बन रही मंछामन मल्टी का निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार से हफ्ता मांगने और पथराव कर गाड़ी के कांच फोड़ने वाले 4 बदमाशों का रविवार को जुलूस निकाला गया। पथराव में 2 नाबालिग भी शामिल है।

विगत बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना में बन रही मंछामन मल्टी के ठेकेदार नंदेश्वर पिता हरीदास बर्मन निवासी विधाधर नगर जयपुर हाल मुकाम मंछामन कालोनी से आधा दर्जन बदमाशों ने क्षेत्र में ठेकेदारी करने पर हफ्ता मांगा था। ठेकेदार द्वारा मना करने पर बदमाशों ने पथराव कर दिया था। जिसमें सह ठेकेदार



शाकीर पटेल के चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 43 टी 1081 के कांच फूट गये थे और मजदूर मेहरबान और इरशाद पत्थरबाजी में घायल हो गये थे। नीलगंगा थाना पुलिस ने ठेकेदार नंदेश्वर की शिकायत पर 6 बदमाशों के खिलाफ हफ्ता वूसली और पथराव करने का प्रकरण दर्ज किया था। रविवार को बदमाशों में शामिल कुलदीप उर्फ बड़े पिता किशोर 26 साल, अजय उर्फ खज्जू पिता गोरधन 24 साल, रितेश उर्फ भैरू पिता हुकुमचंद निवासी शांतिनगर, यश उर्फ नानू पिता पप्पू जोशी सहित 2 नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोपहर में चारों बदमाशों का पुलिस ने उसी स्थान पर ले जाकर जुलूस निकाला, जहां उन्होने पथराव किया था।

इस दौरान बदमाश उठक-बैठक लगाते और अपराध नहीं करने की कसम खाते दिखाई दिये। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि कुलदीप के खिलाफ पूर्व में प्रकरण दर्ज है। चारों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com